हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live

वर्ष : 01 अंक–224 : जौनपुर, बुधवार 10 मई 2023 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## दूसरे चरण के लिए कल होगा मतदान : 38 जिलों के मतदाता करेंगे वोट

लखनऊ ब्यूरो : नगर निकाय चुनाव के दूसरे व अंतिम चरण का प्रचार मंगलवार शाम छह बजे समाप्त हो गया। इस चरण में 38 जिलों में 6,929 पदों के लिए 11 मई को मतदान होगा। इसके लिए चुनाव मैदान में 39,146 उम्मीदवार हैं। राज्य निर्वाचन आयुक्त मनोज कुमार ने बताया कि दूसरे चरण में सात नगर निगमों के महापौर पद पर 83 उम्मीदवार और 581 पार्षद पद पर 3,840 उम्मीदवार मैदान में हैं। इसी तरह से 95 नगर पालिका परिषदों के अध्यक्ष पद पर 969 उम्मीदवार, नगर पालिका परिषदों के 2,520 सदस्य पद पर 13,315 उम्मीदवार मैदान में हैं। नगर पंचायतों के 267 अध्यक्षों के पद के लिए 2,942 उम्मीदवार और नगर पंचायतों के 3,459 सदस्य पद के लिए 17,997 उम्मीदवार मैदान में हैं। ये बनाए मतदान स्थल मेरठ, गाजियाबाद, बरेली, शाहजहांपुर, अलीगढ़, कानपुर नगर एवं अयोध्या नगर निगम में महापौर और पार्षदों के निर्वाचन के लिए 6,111 मतदान स्थल एवं 1,798 मतदान केंद्र बनाए हैं। इनमें 39,69,294 पुरुष व 34,57,512 महिला मतदाता हैं। इसी प्रकार 95 नगर पालिका परिषदों में 8,198 मतदान स्थल व 2,537 मतदान केंद्र बने हैं। इनमें 38,86,525 पुरुष व 34,44,385 महिला मतदाता हैं। 268 नगर पंचायतों और 3,495 नगर पंचायत वार्डों के लिए 5,309 मतदान स्थल व 2,043 मतदान केंद्र बनाए हैं। इनमें 23,61,173 पुरुष व 21,13,115 महिला मतदाता हैं। 370 निकायों व 6,636 वार्डों में 19,618 मतदान स्थल तथा 6,378 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इनमें 1,02,16,992 पुरुष और 90,15,012 महिला



मतदाता है। इन जिलों में होगा मतदान अयोध्या, सुल्तानपुर, अंबेडकरनगर, बाराबंकी, अमेठी, मेरठ, हापुड़, गौतमबुद्धनगर, गाजियाबाद, बागपत, बुलंदशहर, बरेली, बदायूं, शाहजहॉपुर, पीलीभीत, अलीगढ़, हाथरस, कासगंज, एटा, कानपुर नगर, फर्रुखाबाद, इटावा, कन्नौज, औरैया, कानपुर देहात, चित्रकूट, हमीरपुर, महोबा, बांदा, बस्ती, संतकबीरनगर, सिद्धार्थनगर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, मिर्जापुर, सोनभद्र व भदोही। लाइन में लगने वाले हर वोटर का वोट डलवाएं रू निर्वाचन आयुक्त मतदान की तैयारियों को लेकर राज्य निर्वाचन आयुक्त मनोज कुमार ने वर्चुअल बैठक ली। कहा कि किसी भी मतदाता को मतदान करने में असुविधा नहीं होनी चाहिए। निर्धारित समय में लाइन में लगने वाले प्रत्येक मतदाता को उसका मत देने का अवसर अवश्य दिया जाए।

## मतगणना अभिकर्ता की नियुक्ति सम्बन्धित निर्वाचन अधिकारी अध्यक्ष एवं सदस्य पद से मतगणना प्रारम्भ होने से पूर्व सम्पर्क कर जारी करायें

जौनपुर सू.वि. : जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत एवं नगरीय निकाय) श्री अनुज कुमार झा ने नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन–2023 में जनपद में नगर पालिका परिषद/नगर पंचायतों के अध्यक्ष/सदस्य पद का निर्वाचन लड़ने वाले समस्त प्रत्याशियों को अवगत कराया जाता है कि नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन–2023 की 13 मई 2023 को सम्पन्न होने वाले मतगणना हेतु अपने मतगणना अभिकर्ता की नियुक्ति सम्बन्धित निर्वाचन अधिकारी अध्यक्ष/सदस्य पद से मतगणना प्रारम्भ होने से पूर्व सम्पर्क कर करा लें। मतगणना अभिकर्ता की नियुक्ति हेतु निर्धारित प्ररूप–34 दो प्रतियों में भरकर जमा करना होगा। गणना अभिकर्ता को रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष निर्धारित प्ररूप में घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर करना होगा। नियुक्ति पत्र पर गणना अभिकर्ता की फोटो भी चस्पा होगी तथा एक फोटो अलग से ली जाएगी जिसे गणना अभिकर्ता के पास पर चस्पा किया जाएगा। मतगणना मेंज पर उम्मीदवार अथवा निर्वाचन अभिकर्ता अथवा उसके गणन अभिकर्ता में से एक ही उपस्थित रह सकता है। उम्मीदवार या उसके निर्वाचन अभिकर्ता के अतिरिक्त किसी अन्य को गणन अभिकर्ता का प्रतिस्थानी नहीं माना जाएगा। रिटर्निंग अधिकारी/सहायक रिटर्निंग अधिकारी की मेज पर उम्मीदवार या उसके निर्वाचन अभिकर्ता में से एक ही व्यक्ति रह सकता है। गणन अभिकर्ता के रूप में मा० सांसद, मा० विधायक, मा० जिला पंचायत अध्यक्ष, मा० ब्लाक प्रमुख, विशिष्ट/अति विशिष्ट व्यक्तियों, भूतपूर्व सांसद, भूतपूर्व विधायक, आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों तथा भारत सरकार, राज्य सरकार एवं स्थानीय निकायों में किसी लाभ पद धारकों को गणन अभिकर्ता के रूप में नियुक्त नहीं किया जाएगा। आपराधिक इतिहास के व्यक्तियों को भी गणन अभिकर्ता के रूप में नियुक्त नहीं किया जाएगा। गणन अभिकर्ता का नियुक्ति पत्र निर्धारित प्ररूप–34 पर दो प्रतियों में तैयार किया जाएगा जिसको हस्ताक्षरित करने के पश्चात रिटर्निंग अधिकारी/सहायक रिटर्निंग अधिकारी एक प्रति अपने पास रख लेंगे तथा दूसरी प्रति पर हस्ताक्षर और मुहर लगाने के पश्चात उसे उम्मीदवार अथवा उसके निर्वाचन अभिकर्ता को वापस कर देगा। गणन अभिकर्ता इस नियुक्ति पत्र को मतगणना की समाप्ति तक अपने पास अनिवार्य रूप से रखेगा। सभासद के प्रत्याशियों को एक गणन अभिकर्ता एवं अध्यक्ष पद के प्रत्याशियों को अध्यक्ष पद की मतगणना हेतु निर्धारित गणना टेबल के अनुसार गणना अभिकर्ता नियुक्त किये जाएंगे।

## जल जीवन मिशन के कार्यों में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के ऊपर की जाएगी कार्यवाही–सीडीओ

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : भारत सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं में से एक हर घर जल योजना को सफल ना बनाने वाले अधिकारियों के ऊपर कार्यवाही करने का सीडीओ ने दिया निर्देश आज विकास भवन सभागार में सीडीओ संजय कुमार मीना जल जीवन मिशन के अंतर्गत चल रहे कार्यों की समीक्षा बैठक के दौरान अपने कार्यों के प्रति लापरवाह अधिकारियों के ऊपर कार्रवाई करने का दिया निर्देश जल जीवन मिशन के अंतर्गत अधिकारियों को जल–जीवन मिशन योजना के अंतर्गत ग्रामीण परिवारों को नल कनेक्शन के जरिए पेयजल उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से जल–जीवन मिशन की चल रहे कार्यों की प्रगति समीक्षा बैठक में ये निर्देश दिए निर्माणकर्ता संस्था से चर्चा की और कार्य को समय–सीमा में करवाया जाना सुनिश्चित करने को कहा। ग्रामीण आबादी को प्रदान किए जा रहे जल की आपूर्ति नियमित होती रहे, यह सुनिश्चित करना क्षेत्र के अधिकारी की जिम्मेदारी है। इस कार्य में कोताही बर्दाश्त नहीं की



जायेगी। सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि समयबद्ध निध ारित लक्ष्य–पूर्ति न करने वाले अधिकारियों के विरूद्ध कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि चरणबद्ध कार्यक्रम निर्धारित कर पूरे मनोयोग से दायित्वों का निर्वहन करे, जिससे समय पर निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति सुनिश्चित की जा सके। बैठक में जल जीवन मिशन नोडल अधिकारी विपिन सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

## अधिवेशन में शिक्षकों को सम्बोधित करेंगे पीएम मोदी : 11 से 13 मई तक गांधीनगर गुजरात में होगा 29वां राष्ट्रीय अधिवेशन



जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के बैनर तले गुजरात में अधिवेशन होने जा रहा है। यह 29 वां राष्ट्रीय अधिवेशन गांधीनगर में 11 से 13 मई तक चलेगा । इस अधिवेशन में प्रध ाानमंत्री नरेन्द्र मोदी शिक्षकों को सम्बोधित करेंगे। बताते चलें कि नरेन्द्र मोदी से पूर्व जवाहर लाल नेहरू और इन्दिरा गांधी प्रधानमंत्री रहते हुए शिक्षकों के अधिवेशन को सम्बोधित कर चुके हैं। अधि ावेशन के उद्घाटन अवसर पर देश के गृहमंत्री अमित शाह और गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र भाई पटेल भी उपस्थित रहेंगे। वहीं अधिवेशन के अन्तिम दिन आध यात्मिक गुरु मोरारी बापू भी सम्मिलित होंगे। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय संगठन मंत्री व जिलाध्यक्ष अमित सिंह के नेतृत्व में जनपद से बड़ी संख्या में शिक्षक राष्ट्रीय अधिवेशन के लिए प्रस्थान करेंगे। जिलामंत्री सतीश पाठक ने बताया कि विशेष सचिव / सचिव बेसिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश के निर्देश के क्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधि ाकारी डॉ गोरखनाथ पटेल द्वारा 9 से 15 मई तक प्रतिभागी शिक्षकों के लिए अवकाश प्रदान कर दिया है।प्रतिभागी शिक्षकों की सूची जिलाध यक्ष द्वारा जिला बेसिक शिक्षा अधि ाकारी महोदय को सौंप दी गई है। प्रांतीय अध्यक्ष सुशील पांडे ने बताया कि अधिवेशन में पुरानी पेंशन बहाली समेत महत्त्वपूर्ण मुद्दों को संघ द्वारा जोरदार ढंग से उठाया जाएगा।

## वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक के नेतृत्व में विशेष टिकट जांच अभियान का किया गया आयोजन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। ग्रीष्मकाल के दौरान उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल पर नित्यप्रति आवागमन करने वाली विभिन्न यात्री गाड़ियों द्वारा भारत के प्रत्येक क्षेत्र और प्रांत की ओर यात्रा करने वाले अधिकृत यात्रियों,पर्यटकों एवं दर्शनार्थियों की यात्रा को सुगम एवं आनंददायक बनाने तथा अनाधिकृत तथा बिना टिकट यात्रियों पर अंकुश लगाने हेतु वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक रेखा शर्मा के निर्देशों पर विभिन्न प्रकार के विशेष टिकट चेकिंग अभियानों को नियमित रूप से संचालित करने की नीति का निर्धारण किया गया है,जिसका अनुपालन पूरे मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर कार्यरत टिकट चेकिंग कर्मियों द्वारा ट्रेनों तथा प्लेटफार्म पर कार्य करते समय पूर्ण निष्ठा के साथ किया जा रहा है। इन्हीं गतिविधियों के अंतर्गत आज दिनांक 10.05.23 को लखनऊ स्थित चारबाग़ रेलवे स्टेशन पर एक विशेष टिकट चेकिंग अभियान का आयोजन किया गया ,जिसका नेतृत्व स्वयं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक ने किया एवं स्टेशन पर उपस्थित रहकर अपनी देखरेख में इस अभियान को संचालित कराया । इसके अतिरिक्त वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक ने स्टेशन पर आने वाली विभिन्न रेलगाड़ियों में पहुंचकर इनकी स्वच्छता,पैंट्री कार,लेनिन तथा गाड़ी पर उपलब्ध अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा गाड़ी संख्या 13308 (किसान एक्सप्रेस) की पैंट्री कार की व्यवस्थाओं को संतोषजनक न पाए



जाने पर इस पर जुर्माने की संस्तुति की। चारबाग़ स्टेशन पर उन्होंने करेंट काउंटर ,यात्री सुविधाओं, एक स्टेशन एक उत्पाद का स्टाल, शौचालय तथा स्वच्छता का विधिवत निरीक्षण किया तथा उचित स्वच्छता न पाए जाने पर सम्बंधित सफाई ठेकेदार पर जुर्माना लगाया । ज्ञात हो कि ट्रेनों एवं रेलवे स्टेशनों पर किसी भी प्रकार की रेल सम्बन्धी सहायता हेतु रेलवे हेल्पलाइन नंबर 139 एवं रेल मदद ऐप के द्वारा सूचित कर सहायता प्राप्त की जा सकती है । पर्यवेक्षकों को न्जे ऑन मोबाइल ऐप के सम्बन्ध में विशेष अभियान चलाने हेतु निर्देश दिए गए हैं।

## टी.डी. इंटर कॉलेज में बनाए गए मतगणना स्थल स्ट्रांग रूम का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

जौनपुर सू.वि. : नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन–2023 की मतगणना को सकुशल संपन्न कराने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अनुज कुमार झा और पुलिस अधीक्षक डॉक्टर अजय पाल शर्मा के द्वारा टी.डी. इंटर कॉलेज में बनाए गए मतगणना स्थल, स्ट्रांग रूम का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान जिलाधिकारी के द्वारा सीसीटीवी, बैरिकेडिंग सहित मतगणना के लिए की गई तैयारियों की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि मतगणना से जुड़ी समस्त तैयारियां समय से पूर्व पूर्ण करना सुनिश्चित करें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिले की 12 निकायों की मतगणना 13 मई को सुबह 8 बजे 105 टेबल पर होगी जिसमें तिलकधारी सिंह इण्टर कालेज में जौनपुर नगर पालिका परिषद, नगर पंचायत कचगांव, नगर पंचायत गौराबादशाहपुर व नगर पंचायत जफराबाद निकाय की गणना और अन्य निकायों की गणना उनके तहसील क्षेत्रों में होगी। जिसमें नगर पालिका परिषद शाहगंज एवं नगर पंचायत खेतासराय की मतगणना कृषि उत्पादन मण्डी समिति शाहगंज, नगर पालिका परिषद मुंगराबादशाहपुर एवं नगर पंचायत मछलीशहर की मतगणना बिहारी महिला महाविद्यालय मछलीशहर परिसर जौनपुर में होगी, नगर पंचायत मड़ियाहूँ एवं नगर पंचायत रामपुर की मतगणना स्वामी विवेकानन्द इण्टर कालेज मड़ियाहूँ, नगर पंचायत केराकत की मतगणना पब्लिक इण्टर कालेज मनियरा



केराकत एवं नगर पंचायत बदलापुर की मतगणना सल्तनत बहादुर पी0जी0 कालेज बदलापुर में होगी। समस्त लगे कार्मिकों का रेंडमाइजेशन हो चुका है और उन्हें प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रत्येक केंद्र पर सुपर जोनल मजिस्ट्रेट लगाए गए हैं। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मतगणना शांतिपूर्वक संपन्न कराए जाने हेतु त्रि–स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है। निरीक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी राम अक्षयवर चौहान, उप जिलाधिकारी सदर सुनील कुमार, जिला विकास अधिकारी बी.बी.सिंह, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय, अधीक्षण अभियंता पीडब्ल्यूडी, तहसीलदार, क्षेत्राधिकारी सहित अन्य सम्बंधित अधिकारी गण उपस्थित रहे।

**पाठक बन्धुओं से अनुरोध**

आप सभी से अनुरोध है कि ऑनलाइन समाचार पत्र पढ़नें हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट www.Desh ki upasana.com का अधिक अधिक उपयोग करें–तथा हमारें यू–ट्यूब चैनल / पोर्टल - dku live सत्य एवं प्रमाणिक खबरों के लिए Like&Subscribe जरूर कीजिए।

–संपादक

## जौनपुर की स्वेता और प्रियांशी ने नेशनल ताइक्वांडो में जीता गोल्ड मेडल




जौनपुर डीकेयू कार्यालय प्रतिनिधि प्रत्यांशु तिवारी : अमृतसर पंजाब में द्वितीय इंडिया कप ओपन राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता 5 से 8 मई को सम्पन्न हुई, जिसमें धर्मापुर ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम बालेमऊ के रामकेश प्रजापति की पुत्री स्वेता प्रजापति कैडेट अंडर 33 किलोभार वर्ग व महरूपुर, प्रेमापुर के मनोज कुमार यादव की पुत्री प्रियांशी यादव जूनियर अंडर 44 किलोभार वर्ग में दोनों ने शानदार प्रर्दशन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। खिलाडियों के इस सफलता पर ग्रामवासियों, सुभचिंतको व परिजनों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी, वहीं कोच संजय पाल, जगमोहन पब्लिक स्कूल के प्रबंधक विजय प्रताप यादव, माँ कलावती इंटर कॉलेज के प्रबंधक घनश्याम यादव ने खिलाडियों को बधाई देते हुऐ उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया।

## महाराणा प्रताप का जीवन अनुकरणीय है–रितु सिंह



जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर महाराणाप्रताप सेना की महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष रीतू सिंह के नेतृत्व में सैकड़ो महिलाओं ने महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर उपस्थित होकर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया । इस अवसर पर जिलाध्यक्ष द्वारा उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला गया साथ ही उन्होंने किस प्रकार है। देश की सेवा किया और अपने समकालीन मुगल शासकों से लड़ाई करते हुए देश की रक्षा किया यहां तक कि उन्होंने जंगलों में घास की रोटियां तक खाई यह हमारे लिए अनुकरणीय है ।इस अवसर पर महाराणा प्रताप सेना के प्रदेश अध्यक्ष बादल सिंह शैलेंद्र जिला सचिव अंजू सिंह डा० संध्या सिंह विजय सिंह जी पूनम विश्वकर्मा बिनय सिंह दुर्गेश यादव सुरजीत सिंह आदि उपस्थिति रहे।

## उ0प्र0 में पहली बार आयोजित किया जा रहा खेलो इण्डिया यूनिवर्सिटी गेम्स–2022

जौनपुर सू.वि. : खेलो इण्डिया यूनिवर्सिटी गेम्स–2022 उ0प्र0 में पहली बार आयोजित किया जा रहा है। 25 मई 2023 से 06 जून 2023 तक प्रदेश के जनपद– लखनऊ, वाराणसी, गोरखपुर एवं गौतमबुद्ध नगर (नोयडा) में किया जा रहा है। खेलो इण्डिया यूनिवर्सिटी गेम्स–2022 की लांच सेरेमनी (लोगो, एन्थम, जर्सी, मशाल) 05 मई 2023 को प्रातः 9 बजे जूपिटर हॉल, इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान, गोमतीनगर, लखनऊ में आयोजित की गयी। लांच सेरेमनी के बाद खेलो इण्डिया यूनिवर्सिटी गेम्स–2022 के व्यापक प्रचार–प्रसार हेतु प्रदेश के 04 रूट पर मशाल रैलियां मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा रवाना की गयी। उक्त रैली में रूट नं0 02 की मशाल रैली का आगमन 11 मई 2023 को जनपद में हो रहा है। उक्त रैली का स्वागत जौनपुर–वाराणसी सीमा पर रात्रि 8 बजे हो रहा है मशाल रैली 11 मई 2023 को जौनपुर में ठहरेगी। तत्पश्चात 12 मई 2023 को प्रातः 6 बजे शाही किले से जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक व अन्य उच्चाधिकारियों, खेल संघों के प्रतिनिधि, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों के साथ खेल विभाग अधिकारी/कर्मचारी की उपस्थिति में मशाल रैली नगर भ्रमण कार्यक्रम होना है। मशाल रैली में प्रशासनिक उच्चाधिकारी एवं राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी के मशाल वाहक होंगे। मशाल रैली शाही किला जौनपुर से प्रारम्भ होगी वहां से चहारसू चौराहा होते हुए शाही पूल से गुजरकर ओलन्दगंज, जेसिज चौराहा से वाजिदपुर तिराहे के लिए मुड़ जायेगी। वाजिदपुर तिराहे से रैली पुलिस लाइन के मुख्य द्वार पर जाकर समाप्त हो जायेगी। तदोपरान्त मशाल रैली नगर के विभिन्न स्कूलों/विद्यालयों/महाविद्यालयों से होते हुए विश्वविद्यालय में जायेगी जहां पर संस्थान प्रमुख द्वारा स्वागत करते हुए खेलो के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने हेतु विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। सायं 5 बजे मशाल रैली तिलकधारी स्नातकोत्तर महाविद्यालय पहुॅचेगी जहां पर सांस्कृतिक संध्या तथा खेलो इण्डिया यूनिवर्सिटी गेम्स एवं खेल पर व्याख्यान का आयोजन किया जायेगा। सायं 7 बजे मशाल रैली जनपद प्रतापगढ़ के लिए प्रस्थान करेगी। उक्त जानकारी क्रीड़ा अधिकारी डा0 अतुल सिन्हा ने दिया है।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

ईमानदारी और परिश्रम का फल देर से पकता है पर होता बहुत मीठा है।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# कर्नाटक चुनाव : राह इतनी आसान नहीं

जैसे जैसे चुनाव की तारीख नजदीक आती जा रही है राजनीतिक बयानबाजियों और एक–दूसरे को घेरने की कोशिशें भी तेज होती जा रही हैं। कांग्रेस ने घोषणापत्र में बजरंग दल की तुलना पीएफआई से कर दी है। पीएम मोदी और अमित शाह सहित पूरी बीजेपी इसे लेकर हमलावर हो गई है।

कर्नाटक विधानसभा चुनाव अब अपने आखिरी चरण में है, सभी पार्टियों की तैयारियां जोरों पर है। बीजेपी सत्ता में वापसी करना चाहती है लेकिन कर्नाटक की जनता ने हाल के वर्षों में सत्ताधारी दल को दोबारा सत्ता सौंपी नहीं है। दक्षिण भारत में इकलौता दुर्ग होने की वजह से पार्टी इसे किसी भी कीमत पर नहीं खोना चाहती है। यही नहीं, बीजेपी के लिए दक्षिण में पैर पसारने के लिहाज से यह शानदार मौका भी है। पार्टी ने इसके लिए कोई कसर भी नहीं छोड़ी है। पब्लिक रैली हो या वर्चुअल रैली, वीडियो मैसेज हो या पदयात्रा, सभी माध्यमों का इस्तेमाल कर खुद को मतदाताओं से जोड़ने का काम किया जा रहा है।

जैसे जैसे चुनाव की तारीख नजदीक आती जा रही है राजनीतिक बयानबाजियों और एक–दूसरे को घेरने की कोशिशें भी तेज होती जा रही हैं। इसी कोशिश में कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में बजरंग दल की तुलना पीएफआई से कर दी है। पीएम मोदी और अमित शाह सहित पूरी बीजेपी इसे लेकर हमलावर हो गई है। बीजेपी ने इस पूरे मामले को श्रीराम और हनुमान से जोड़ते हुए दिल्ली से लेकर बेंगलुरु तक प्रदर्शन शुरू कर दिया है। संभावना इस बात की है कि मामला बढ़ने पर कांग्रेस को विरोध का सामना करना पड़े।

बीजेपी ने अपने घोषणापत्र के जरिए भी सभी वर्ग के मतदाताओं को लुभाने की कोशिश की है, जोकि स्वाभाविक है। जहां एक तरफ हर बीपीएल परिवार को रोज आधा किलो नंदिनी दूध देने, लोगों को सस्ता अनाज मुहैया कराने और उगादी, गणेश चतुर्थी तथा दीपावली पर तीन गैस सिलिंडर मुफ्त देने से आश्वासन देकर कमजोर तबकों को अपने साथ जोड़ने की कोशिश की है। वहीं, समान नागरिक संहिता और एनआरसी लागू करने का वादा करके पार्टी ने राष्ट्रीय मुद्दों को भी हवा दे दी है। पार्टी ने शहरी इलाकों में 5 लाख और ग्रामीण इलाकों में 10 लाख घर बनाने का प्रस्ताव भी रखा है।

भाजपा का चुनावी मास्टरस्ट्रोक

कर्नाटक में मुसलमानों के लिए आरक्षण को खत्म करने और इसे लिंगायत और वोकालिंगा में बांटने का बीजेपी सरकार का फैसला इस चुनाव का सबसे बड़ा मास्टरस्ट्रोक है। पार्टी का तर्क है कि भारतीय संविधान में धर्म आधारित आरक्षण का प्रावधान नहीं है। दरअसल, राज्य में यह मांग लंबे समय लंबित थी। वहीं, विपक्ष का आरोप है कि पार्टी ने दोनों ताकतवर समुदायों को लुभाने के लिए इस कोटा को दोनों समुदायों में बांट दिया है।

यहां की राजनीति पर लिंगायत और वोकालिंगा समुदाय का वर्चस्व है। लिंगायत करीब 18% और वोकालिंगा 16% है और ये किसी भी राजनीति समीकरण को बदलने की ताकत रखते हैं।

पीएम किसान निधि योजना 2019 के बाद से बीजेपी के लिए मुख्य कैंपेन में से एक रहा है। चुनावी अभियानों में बीच में भी पार्टी ने तेरहवीं किस्त की 16,000 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि बेलगावी में जारी कर इसे और मजबूती दे दी। यही नहीं, इसके बाद मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने 48 लाख किसानों के लिए 975 करोड़ रुपये का राज्य का हिस्सा भी जारी कर सही सही कसर पूरी कर दी। दरअसल इस योजना के तहत, तय शर्तें पूरी करने वाले किसान परिवारों को एक वर्ष के दौरान तीन बराबर किश्तों में 6000 रुपये का लाभ दिया जाता है।

इसके अलावा टिकटों के बंटवारे को लेकर बीजेपी का रुख अन्य राज्यों की तरह यहां भी साफ है। पार्टी की कोशिश पुराने नेताओं को धीरे–धीरे बाहर करने और नए चेहरों को लाने की है। इसका सबसे पुख्ता प्रमाण जगदीश शेट्टार जैसे वरिष्ठ नेताओं को टिकट नहीं देने का फैसला है। पार्टी ने वंशवाद को लेकर भी सख्त स्टैंड लिया है। इसके लिए पार्टी ने कई वरिष्ठ नेताओं के बेटों का टिकट भी काट दिया है। हालांकि, अपवाद के तौर पर बी.एस. येदियुरप्पा के बेटे विजयेंद्र को टिकट मिला है लेकिन इसके लिए शर्त रख दी गई है कि येदियुरप्पा खुद चुनाव नहीं लड़ेंगे।

पार्टी ने अपनी सूची में 50 से अधिक नए चेहरों का शामिल किया है, जिसका मतलब साफ है कि वह राज्य को एक नई लीडरशीप देने की तैयारी कर रही है। जब बात लीडरशीप की आए तो पीएम मोदी का जिक्र होना लाजिमी है। चुनाव कोई भी हो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे की भूमिका पार्टी के लिए हमेशा से अहम रही है। कर्नाटक चुनाव भी इससे अछूता नहीं है। यहां भी पीएम की छवि का इस्तेमाल किया जा रहा है। बीजेपी का मानना है कि केवल पीएम मोदी के सहयोग से ही राज्य की तकदीर बदल सकती है।

मोदी पर कराएंगे बीजेपी का नैया?

पार्टी ने भ्रष्टाचार को लेकर भी कांग्रेस के खिलाफ आक्रामक रुख अख्तियार किया है। चाहे बीजेपी की चुनावी रैली हो या कार्यकर्ता सम्मेलन, श्कांग्रेस मतलब भ्रष्टाचार की गारंटीश का नारा लगता दिख जाएगा। इसके लिए पार्टी सिद्धारमैया के नेतृत्व वाली पिछली कांग्रेस सरकार पर निशाना साध रही है और कांग्रेस पर भ्रष्टाचार खत्म करने में दिलचस्पी नहीं लेने का आरोप लगा रही है।

प्रधानमंत्री मोदी की अगुवाई में पार्टी ने चुनावी फोकस में विकास के एजेंडे को प्राथमिकता दी है और कमान युवा नेताओं के हाथ में दिया है। इसके अलावा, पार्टी ने राज्य के विकास के लिए डबल इंजन सरकार की ज़रूरत को भी दोहराया है।

इन सबके अलावा, बीएस येदियुरप्पा और बसवराज बोम्मई, ऐसे फैक्टर हैं जिनके जिक्र के बिना कर्नाटक चुनाव अधूरा है। येदियुरप्पा कर्नाटक में एक बड़ा फैक्टर हैं क्योंकि कर्नाटक में पार्टी को खड़ा करने में उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। पार्टी को खड़ा करने से लेकर सत्ता तक लाने में येदियुरप्पा की भूमिका को नज़रअंदाज नहीं किया जा सकता। साथ ही, लिंगायत समुदाय के बीच येदियुरप्पा का काफी दबदबा माना जाता है और पार्टी इस बात को पूरी तरह से समझती है।

दरअसल, राज्य में करीब 17 प्रतिशत मतदाता लिंगायत समुदाय से आते हैं। राज्य के किसानों के बीच भी उनकी लोकप्रियता काफी है। वहीं, बसवराज बोम्मई भले ही कर्नाटक में बहुत ज़्यादा लोकप्रिय न हों, लेकिन तथ्य यह है कि वे लिंगायत हैं और उन्हें पार्टी नेतृत्व का पूरा समर्थन हासिल है। हालांकि, कर्नाटक चुनाव जीतने के बाद वे फिर से मुख्यमंत्री पद का चेहरा होंगे या नहीं इस बात की आधिकारिक घोषणा तो फिलहाल नहीं की गई है लेकिन उन्हें बदलने का भी कोई ठोस कारण नज़र नहीं आ रहा है।

क्या कहते हैं आंकड़े?

224 सीटों वाली कर्नाटक विधानसभा में बहुमत हासिल करने के लिए 113 सीटें चाहिए। 2018 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी को 36.3% वोट शेयर के साथ सबसे ज़्यादा 104 सीटें मिली थी जबकि 38.1% वोट शेयर और 80 सीटों के साथ कांग्रेस दूसरे नंबर पर थी। वहीं, 18.3% वोट शेयर और 37 सीटों के साथ जेडीएस त्रिशंकु विधानसभा में किंगमेकर की भूमिका में थी।

ये लेखक के अपने विचार हैं।

# भाजपा के लिए अपने गढ़ को बचाने की चुनौती : एक ही जाति के प्रमुख प्रतिद्वंद्वी

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) अयोध्या नगर निगम चुनाव में मतदान की तिथि 11 मई समीप आती जा रही है और प्रत्याशियों की मतों की जोड़– तोड़ जारी है।प्रमुख प्रतिद्वंद्वी एक ही जाति के हैं और दो और पार्टियों ने पिछड़ों पर दांव खेला है।राजनीति की गणित में हमेशा यहां भाजपा का पलड़ा भारी रहा है,भले ही जातीय गणित बनता बिगड़ता रहा हो।भाजपा के अलावा किसी दल के पास खोने को कुछ नहीं है।वह अपने ही गढ़ में पसीने–पसीने है।नगर निगम के मुख्य उम्मीदवार में भाजपा से महंत गिरीशपति तिवारी भाजपा,सपा से डाक्टर आशीष पाण्डेय, बसपा से राममूर्ति यादव,आप से इंजीनियर कुल भूषण साहू, निर्दल पार्टी से अनीता पाठक और कांग्रेस से प्रमिला राजपूत मैदान में हैं।पिछले नगर निगम चुनाव में भाजपा भी कांटे की टक्कर में बमुश्किल जीती थी।पिछले चुनाव से इस चुनाव में परिदृश्य अलग है क्योंकि नगर निगम में शामिल 41 ग्राम पंचायत और राजस्व गांव का गणित अलग है।इसी समीकरण को देखते हुए दो दलों ने पिछड़ा वर्ग का प्रत्याशी दिया है।ये 41 गांव के मतदाता इस बार भाग्य विधाता नजर आ रहे हैं। बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी राममूर्ति यादव और समाजवादी पार्टी का सारा जोर इन 41 गांवों में लगा हुआ है और भाजपा अपने पुराने वोट संभालने में जुटी हुई हैं।नगर निगम का क्षेत्र और आबादी का मानक पूरा करने के लिए निगम में मऊ यदुवंश पुर, कुशमाहा, माझा कुढ़ा केशवपुर, कुढ़ा केशवपुर उपरहार, माझा आशिफबाग, बनबीरपुर, अब्बूसराय, गददौपुर, खोजनपुर, पहाड़गंज, उसरू, पलिया शाहबदी, हांसापुर, चांदपुर हरवंश, डाभासेमर, गोपालपुर, काजीपुर जमीन मलिकपुर, मलिकपुर, गंजा, पूरे हुसैन खां, जनौरा, सुल्तानपुर बछड़ा, कोरखाना, भीखापुर, नंदापुर, धर्मपुर सहादत, मिर्जापुर माफी, मिर्जापुर उर्फ शमशुद्दीनपुर, शहनवां, देवकाली, शाहजहांपुर, रानोपाली, आशापुर, तकपुरा, मक्खापुर, हैबतपुर, शाहनेवाजपुर उपरहार, आशिफबाग पाठकपुर उपरहार, माझा बरहटा, जियनपुर व माझा शाहनेवाजपुर गांव सम्मिलित किए गए। ये सभी नगरीय क्षेत्र की सीमा से सटे हैं और अधिकांश में नगरीय आबादी का विस्तार भी तेजी से हुआ है, नई वैध अवैध कालोनियों ने भी इनकी बनावट को बदल दिया है। यही नहीं जनसांख्यिकी भी बदल गई है। यही कारण है कि भाजपा को उतना खतरा नहीं लग रहा है, जितना दिखाया जा रहा है।पिछले विधानसभा सभा चुनाव में किसी तरह से जीती है।ये वही क्षेत्र हैं, जो अयोध्या विधानसभा क्षेत्र में भी हैं।विधानसभा चुनाव में भी भाजपा ने लगातार जीत का क्रम जारी रखा है। फिर भी एक बार भाजपा यहां हार चुकी है और पिछले विधानसभा सभा चुनाव में किसी तरह से जीती है।इस चुनाव में भाजपा में पक्ष में लामबंद होकर सड़क पर उतरी जो टोली उसके लिए जीवन दायिनी साबित हुई वह इस बार सामूहिक शक्ति का प्रदर्शन करती नहीं नजर आ रही है।वैसे अगर देखा जाए तो नगरीय क्षेत्र में भाजपा का प्रायः दबदबा रहा है, फिर भी बीते दिनों के परिणाम चौंकाने वाले हैं।लंबे शासन काल में सभी खुश हैं यह कहा नहीं जा सकता।चुनावी रण में नए समीकरण इसलिए भी प्रभावी होंगे, क्योंकि वर्ग विशेष की आबादी इन क्षेत्रों में खासी है जो दूसरे दलों के वोट बैंक माने जाते हैं। नए परिसीमन और क्षेत्र विस्तार का चुनाव में प्रभाव व्यापक होगा, क्योंकि अगले वर्ष ही लोकसभा के चुनाव हैं।भले ही यह सारे क्षेत्र लोकसभा क्षेत्र का पहले भी हिस्सा रहे हैं, ताजा नतीजे का प्रभाव भविष्य पर भी पड़ेगा। भाजपा के लिए अपने गढ़ को बचाने की चुनौती है तो कई बार अयोध्या और फैजाबाद नगर पालिका के अध्यक्ष पद पर रही कांग्रेस को जमीन की तलाश है। बसपा अपना आधार वोट बचाने का संघर्ष कर रही है।विपक्षी मतों का बंटवारा और ध्रुवीकरण दोनों ही दशा में नतीजा बदल जाएगा यह तय है।जनपद में नगर निकाय चुनाव का ठीक पास है। चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने बैठकें व प्रशिक्षण पूरी हो चुकी है।निकाय चुनाव को लेकर जिला प्रशासन का मंथन जारी है। जनपद में वर्ष 2023 में हो रहे नगर निगम और नगर पंचायतों के चुनाव में इस बार महिलाओं से अधिक पुरुष मतदाताओं की भागीदारी रहेगी। जिसे लेकर प्रत्याशियों को पुरुष मतदाताओं की अधिक मिन्नतें करना पड़ रहा है।अयोध्या जनपद में द्वितीय चरण में 11 मई को वोट डाले जाएंगे और 13 मई को मतगणना के बाद नतीजे आएंगे।पूरे जनपद में लगभग पांच लाख मतदाता अपने मतों का प्रयोग कर नगर निगम और नगर पंचायतों के पदाधिकारियों का चुनाव करेंगे।जिले में एक नगर निगम,एक नगर पालिका और नगर पंचायतों में चुनाव होने जा रहे हैं।अयोध्या जनपद में नगर निगम गठित होने के बाद यह दूसरा चुनाव है।अयोध्या जनपद में कुल 499742 मतदाता हैं। इनमें 261095 पुरुष और 238647 महिला मतदाता शामिल हैं।नगर निगम अयोध्या में 332290 मतदाता मतदान करेंगे जिसमें 1 लाख 74 हजार 975 पुरुष व 1 लाख 57 हजार 315 महिलाएं शामिल हैं।चुनाव को निर्विघ्न रुप से संपन्न कराने के लिए नगर निगम,नगर पालिका व नगर पंचायतों में कुल 169 वार्ड और 169 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं।जबकि 467 मतदेय स्थल बनाए गए हैं। नगर निगम में 60 वार्डों में चुनाव होगा।नगर निगम क्षेत्र में 91 मतदान केंद्र और 279 मतदान स्थल बनाए गए हैं।नगर निगम का चुनाव ईवीएम से होगा जबकि नगर पालिका परिषद रुदौली और छह अन्य नगर पंचायतों में बैलेट पेपर से मतदान कराया जाएगा।

## बच्चों की उपलब्धियां मां के लिए सबसे बड़ा पुरस्कार होता है –शैल सिंह

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। श्री अयोध्या सिंह मेमोरियल इण्टर कॉलेज, चिनहट लखनऊ के प्रांगण में मातृ दिवस मनाया गया। बच्चों की उपलब्धियां एक मां के लिए सबसे बड़ा पुरस्कार होता है। इसलिए इस उपलक्ष्य में दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। 90 फीसदी अंक से ऊपर अंक अर्जित करने वाले विद्यार्थियों को विद्यालय की ओर से 2100 रु. की धनराशि, सर्टिफिकेट एवं मोमेन्टो भेंट किया गया। 80 प्रतिशत अंको से ऊपर अंक प्राप्त करने वालों को सर्टिफिकेट, गिफ्ट एवं मोमेन्टो भेंट किया गया। कार्यक्रम का प्रारम्भ मुख्य अतिथि के. वी. सिंह चौहान (भारतीय वायु सेना से सेवानिवृत्त) एवं मीनाक्षी सिंह एवं प्रबंधक शैल सिंह द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन से किया गया। इस अवसर पर कक्षा 10 के छात्रों द्वारा गणेश वन्दना 'देवा श्री गणेशा' प्रस्तुत की गई। प्री प्राइमरी के बच्चों ने मां के सम्मान में 'ओ मेरी मां ' गीत पर ग्रुप डांस प्रस्तुत किया। जिसे देखकर सभी माताएं भाव विभोर हो गई। सोशल मीडिया के दुष्परिणामों को लेकर बच्चो ने एक लघु नाटिका प्रस्तुत की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के. वी. सिंह चौहान , मीनाक्षी सिंह, देव ग्रुप के चेयरमैन लाल महेन्द्र प्रताप सिंह एवं विद्यालय की प्रबंधक शैल सिंह ने शैक्षणिक स्तर पर श्रेष्ठ प्रदर्शन प्रदान करने वाले छात्र–छात्राओं को उपहार,




प्रशस्ति पत्र प्रदान किये एवं आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। बारहवी एवं दसवीं परीक्षा में उत्कृष्ट अंकों से उत्तीर्ण हुए छात्र–छात्राओं को विद्यालय की ओर से विशेष रूप से सम्मानित किय गया। 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले छात्रो को विद्यालय की ओर से 2,100 रु. की धनराशि के चेक के साथ सर्टिफिकेट, गिफ्ट एवं मोमेन्टो प्रदान किया गया। एवं 80 फीसदी अंक से ऊपर अंक लाने वालों को सर्टिफिकेट, गिफ्ट एवं मोमेन्टो भेंट किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बाद सुपर मॉम बनने का राउण्ड चला। इस राउण्ड में कई गेम एवं प्रतियोगिताओं मे बच्चों की मदर्स ने हिस्सा लिया। सभी स्पर्धाओं के रिजल्ट के बाद एक रिजल्ट निकाला गया। सैस्मिक की सुपर मॉम का खिताब सती वर्मा, बेस्ट मॉम हेमलता स्वामी एवं स्मार्ट मॉम किरन शर्मा को दिया गया। विद्यालय की प्रबंधक शैल सिंह ने बच्चों की हौसला अफजाई की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रशासनिक अधिकारी पूजा सिंह, प्रधानाचार्या अनीता मिश्रा अपने समस्त स्टाफ के साथ उपस्थित रही।

# बर्निंग ट्रेन होने से बची मालगाड़ी : आग का गोला बने दौड़ रही थी ट्रेन : गेटमैन ने देखी लपटें

भदोही ब्यूरो : गर्मी का असर बढ़ते ही ट्रेनों में आग लगने की घटनाएं तेज होने लगी है। दो दिन पहले ही चौरी स्टेशन के पास मालगाड़ी में आग लगने के कारण एक घंटे से अधिक तक रोकना पड़ा। वहीं अब एक बार फिर माधोसिंह–रामबाग रेलखंड पर वाराणसी से प्रयागराज जा एक मालगाड़ी मंगलवार की रात बर्निंग ट्रेन होते–होते बची। दरवासी–रजमला फाटक के पास फाटकमैन में मालगाड़ी में आग लगने की सूचना भिटी स्टेशन मास्टर को इसकी जानकारी दी। जिससे एक बड़ा हादसा होने से बच गया। गर्मी का असर धीरे–धीरे तेज होने लगा है। इससे अगलगी की घटनाएं भी बढ़ गई हैं। आए दिन ट्रेन में आग लगने की घटनाएं सामने आने लगी है। दो दिन पहले ही चौरी स्टेशन के पास मालगाड़ी में आग लगने की घटना हुई थी। अब भिटी स्टेशन के पहले वाराणसी से प्रयागराज जा रही मालगाड़ी के चार पहिए में आग लग गयी। आग का गोला बने दौड़ रही ट्रेन से अंजान चालक गंतव्य की ओर जा रहा था। इस बीच दरवासी–रजमला फाटक के पास तैनात गेटमैन मूलचंद ने मालगाड़ी के चक्कों से आग की लपटों को उठता देखा। उसने तत्काल इसकी सूचना भिटी स्टेशन मास्टर मिथिलेश सिंह को दी। जिसके बाद स्टेशन पर मालगाड़ी को रोककर आग पर काबू पाया गया। इस दौरान तकनीकी कर्मचारियों ने आवश्यक जांच–पड़ताल की। इसके बाद उसे गंतव्य की ओर से रवाना किया। स्टेशन मास्टर मिथिलेश सिंह ने बताया कि मालगाड़ी वाराणसी से प्रयागराज जा रही थी। इस बीच अज्ञात कारण से मालगाड़ी के चक्कों में आग लग गई थी। हालांकि फाटकमैन की सूचना के बाद उसपर काबू पा लिया गया और एक घंटे जांच–पड़ताल के बाद उसे गंतव्य की ओर रवाना कर दिया गया।

# एस0 के0 डी0 एकेडमी में ज्येष्ठ माह के पहले मंगल पर विशाल भंडारे का आयोजन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। एस0 के0 डी0 एकेडमी में प्रतिवर्ष की भांति ज्येष्ठ मास के प्रथम बड़े मंगल पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। सबने मिलकर सुन्दरकाण्ड का भव्यता से पाठ किया, भजन गाये गये, घंटे घड़ियाल व शंखनाद से सम्पूर्ण वातावरण भक्तिमय हो गया। तत्पश्चात् विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया एवं प्रसाद वितरण हुआ। वीरता एवं साहस के प्रतीक वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयन्ती एसकेडी एकेडमी में मनाई गयी जिन्होंने अपने शौर्य, स्वाभिमान एवं आजादी के लिए जीवन भर संघर्ष किया। इस अवसर पर संस्था के निदेशक मनीष सिंह ने प्रांगण में उपस्थित सभी भक्तजनों को बड़े मंगल की बधाई दी। साथ ही कहा कि हम सभी लखनऊवासी संकटमोचन महावीर हनुमान जी का प्रति वर्ष ज्येष्ठ मास के सभी मंगल के दिन पूजन एवं त्यौहार के रूप में मनाते हैं। ये हम सभी कि लिये बड़ा सौभाग्य है। हमारा सभी से विशेष अनुरोध एवं आग्रह है कि



पूरी श्रद्धा भक्ति से इस दिन को मनायें एवं सभी उपस्थित जन पूर्ण भक्ति भाव से प्रसाद ग्रहण अवश्य करें। साथ ही महाराणा प्रताप के जीवन पर जानने का सभी से अनुरोध किया एवं उनका अनुसरण करने को भी कहा। देश के वीर सपूत को याद करते हुये शत् शत् नमन किया।

# 22 मई को शराबबंदी संघर्ष समिति का गांधी भवन लखनऊ में कार्यकर्ता सम्मेलन –मुर्तुजा अली

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। शराब बंदी संघर्ष समिति की एक मीटिंग समिति के कार्यालय 114 इंसाफ नगर इंदिरा नगर में समिति के अध्यक्ष मुर्तजा अली की अध्यक्षता में संपन्न हुई। मीटिंग मे शराब बंदी संयुक्त मोर्चा के अध्यक्ष सुल्तान सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे सुल्तान सिंह ने बताया कि आगामी 22 मई को शराब बंदी संयुक्त मोर्चा का एक महासम्मेलन गांधी प्रेक्षागृह कैसरबाग मे होने जा रहा है जिसमें पूरे देश के विभिन्न राज्यों से प्रतिनिधि मंडल शामिल हो रहे हैं शराब बंदी संघर्ष समिति के महामंत्री श्री मिर्जा इशरत बेग ने बताया कि शराब बंदी संघर्ष समिति इस महासम्मेलन में अपनी पूरी कार्यकारिणी के साथ सहयोग करेगी और अपनी मुख्य मांग शराब बंदी को पूरे देश में लागू करवाने के लिए भारत सरकार से अपील करेगी। शराब बंदी संघर्ष समिति के अध्यक्ष मुर्तजा अली ने बताया कि शराब बंदी संघर्ष समिति इस महासम्मेलन



के उपरांत दिल्ली में जंतर–मंतर पर एक बड़ा प्रदर्शन और अनशन शुरू करने जा रही है जिसका एकमात्र और मुख्य उद्देश्य पूरे भारतवर्ष में शराब को बंद करवाना और शराब पर प्रतिबंध लगवाना होगा। मीटिंग में मुख्य रूप से मुर्तजा अली, सुल्तान सिंह, मिर्जा इशरत बेग, शादाब सिद्दीकी,मो कैफ और मोहम्मद अली अल्वी उपस्थित रहे।

# डॉ0 अखिलेश दास गुप्ता फाउंडेशन द्वारा हनुमान मंदिर पर किया गया भण्डारे का आयोजन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। डॉ0 अखिलेश दास गुप्ता फाउंडेशन द्वारा आज ज्येष्ठ माह के प्रथम मंगल पर हजरतगंज स्थित हनुमान मंदिर पर भण्डारे का आयोजन किया गया जिसमें बीबीडी ग्रुप एवं डा0 अखिलेश दास गुप्ता फाउंडेशन के प्रेसिडेंट, बैडमिन्टन एसोसिएशन ऑफ इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट, चेयरमैन उ0प्र0 बैडमिन्टन एसोसिएशन व यू0पी0 ओलम्पिक संघ के अध्यक्ष विराज सागर दास ने भंडारे में प्रसाद वितरण किया। इस मौके पर विराज सागर दास ने कहा कि प्रतिवर्ष ज्येष्ठ माह के मंगलवार को भण्डारे का आयोजन किया जाता है। इस प्रकार के आयोजनों से आत्मीय संतोष के साथ ही धार्मिक कार्यों में न सिर्फ रूचि बढ़ती है बल्कि ईश्वर के प्रति आस्था बढ़ती है। यह धार्मिक



और सामाजिक रूप से बहुत ही पुण्य का कार्य है उन्होने इस मौके पर सभी लोगों के सुख, समृद्धि एवं उन्नति की कामना की है।

# नहीं होंगे निकाय चुनाव कवरेज के लिए पास जारी : संस्थान या मान्यता कार्ड ही होगा पास

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में मतदान के दिन कवरेज के लिए कोई भी पास जारी नही किया जायेगा। प्रिन्ट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के साथी मतदान केन्द्र से 200 मीटर की दूरी से अपने मान्यता कार्ड एवं अपने संस्थान द्वारा जारी परिचय पत्र के साथ वहां तैनात मजिस्ट्रेट व पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों से समन्वय बनाकर कवरेज कर सकते है। मतदान केन्द्र पर तैनात मजिस्ट्रेट एवं पुलिस के अधिकारियों के दिशा निर्देश का पूर्णतः पालन करना होगा तथा उनके द्वारा मान्यता कार्ड या संस्थान द्वारा जारी परिचय पत्र मांगने पर अपने मान्यता कार्ड एवं परिचय पत्र को सहजता से सम्बंधित अधिकारी को दिखायें एवं शांति सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को बनाये रखने के साथ आयोग द्वारा निर्धारित मानक के अनुसार ही कवरेज करें। मतदेय स्थल के अंदर मीडिया बन्धुओं का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित है। ज्ञातव्य है कि लोकसभा एवं विधानसभा सामान्य निर्वाचन के समय भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मीडिया के लिए पास जारी किया जाता रहा है, परन्तु राज्य निर्वाचन आयोग उत्तर प्रदेश द्वारा पास जारी नही किया गया है फिर भी मीडिया बन्धु मतदान केन्द्र पर तैनात मजिस्ट्रेट एवं पुलिस के अधिकारी के साथ समन्वय बनाकर 200 मीटर की दूरी से कवरेज कर सकते है यदि कवरेज करने में उन्हें किसी भी प्रकार की समस्या या परेशानी होती है तो वे अपर जिला मजिस्ट्रेट/उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अमित सिंह (9454416101), उपनिदेशक सूचना डा0 मुरलीधर सिंह (7080510637, 9453005405) पर सम्पर्क कर सकते है। मतगणना के दिन मतगणना स्थल पर




मीडिया कैम्प बनाया जायेगा जहां से मीडिया बन्धु मतगणना सम्बंधी कवरेज कर सकते है। मतगणना के लिए शांति सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत जिला प्रशासन के निर्देश प्राप्त होने पर मान्यता प्राप्त एवं एक्टिव मीडिया बन्धुओं को पास जारी किया जायेगा। मतगणना के लिए जो भी पास जारी किये जायेंगे वह केवल प्रेस मीडिया कैम्प तक के लिए होंगे। मतगणना स्थल पर इलेक्ट्रिानिक एवं प्रिन्ट मीडिया प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। मतगणना के परिणामों से मीडिया बन्धुओं को सूचना विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा समय–समय पर सूचनायें मीडिया कैम्प तक पहुंचायी जायेगी। मतदान एवं मतगणना को शांति पूर्वक सकुशल सम्पन्न कराने हेतु जनपद स्तर पर निर्वाचन नियंत्रण/शिकायत निवारण हेतु कन्ट्रोल रूम स्थापित कराया गया है, जो 24 घंटे निर्वाचन की प्रक्रिया समाप्ति तक अनवरत कार्यरत रहेगा। इसके नोडल अधिकारी मुख्य राजस्व अधिकारी श्री चन्द्रशेखर मिश्र (9454419036) बनायें गये है। कन्ट्रोल रूम अतिरिक्त मजिस्ट्रेट नया भवन कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित किया गया है, जिसका लैंडलाइन नम्बर–05278–299325, 299326 है। किसी भी मतदान केन्द्र मतदान स्थल पर कोई समस्या आने पर इन नम्बरों पर सम्पर्क किया जा सकता है।

# स्मार्ट क्लास से लैस हों रहे जिले के परिषदीय विद्यालय –डा. राकेश सिंह

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जनसमुदाय व पुरातन छात्रों के सहयोग से प्राथमिक विद्यालय ताहिरपुर पूरी तरह से स्मार्ट स्कूल बन गया। विद्यालय के सभी कक्षा कक्ष स्मार्ट टीवी व ब्लूटूथ स्पीकर से लैस हो गए। मंगलवार को स्मार्ट कक्षा कक्षो का लोकार्पण व पुरातन छात्रों का सम्मान समारोह आयोजन किया गया। इस पहल से गांव के बच्चों को भी आधुनिक शिक्षा मिल सकेगी। मंगलवार को उप शिक्षा निदेशक डायट प्राचार्य डा.राकेश सिंह व बेसिक शिक्षा अधिकारी डा.गोरखनाथ पटेल के साथ शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारियों ने उक्त विद्यालय के सभी कक्षो का फीता काटकर उद्घाटन किया। शिक्षा अधिकारियों ने विद्यालय में सहयोग करने वाले पुरातन छात्र पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राज बहादुर यादव, प्रख्यात होमियोपैथी चिकित्सक डा. दुष्यंत सिंह, पूर्व प्रधान जयंत कुमार सिंह, राजकुमार जायसवाल, बजरंगी चौरसिया व मधुलता सिंह को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इन सभी पुरातन छात्रों के द्वारा विद्यालय को पांच स्मार्ट टीवी व ब्लूटूथ स्पीकर के रूप में सहयोग प्रदान किया। अपने उद्बोधन में प्राचार्य डायट ने जनपद को सालभर के अंदर निपुण बनाने का संकल्प दोहराया। उन्होंने विद्यालय द्वारा सामुदायिक सहयोग से स्मार्ट स्कूल बनाने के पहल की सराहना की। बीएसए डा.पटेल ने कहा कि जल्द ही जनपद के परिषदीय विद्यालय स्मार्ट क्लास से लैस होंगे। सभी शिक्षकों से बच्चों को निपुण बनाने के लिए सर्वश्रेष्ठ योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने प्रधानाध्यापक अमित सिंह व उनके सहयोगियों की जमकर तारीफ करते हुए कहा कि बच्चों को गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने के लिए सराहनीय प्रयास किया है। वरिष्ठ प्रवक्ता मनीष कुमार सिंह ने कहा अब बच्चे दीक्षा एप पर




कक्षा कक्ष में बेहतर शिक्षा ग्रहण कर पाएंगे। वित्त एवं लेखाधिकारी दीपक सिंह ने कहा कि जनपद शिक्षा के बेहतरी के मामले में हमेशा कुछ नया करता है जिसको आज फिर इस विद्यालय के माध्यम से देखने को मिला। बीईओ आनंद प्रकाश सिंह ने शिक्षकों से बच्चों को अधिक से अधिक उपस्थित किए जाने पर बल दिया। स्वागत भाषण में प्रधानाध्यापक अमित सिंह ने विद्यालय के विकास में अब तक किए गए प्रयासों को साझा किया और कहा कि अतिशीघ्र विद्यालय को निपुण बना लिया जाएगा। कार्यक्रम में भारी संख्या में अभिभावक और पुरातन छात्र उपस्थित रहे। पुरातन छात्रों ने विद्यालय से जुड़े हुए संस्मरण साझा किया और अपनी पढ़ाई के समय उपयोग में लाई जाने वाली सामग्रियों को देने की बात कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रपति सम्मान से सम्मानित पूर्व प्रधानाध्यापक विजय बहादुर सिंह ने तथा कार्यक्रम का संचालन पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष सुशील उपाध्याय ने किया। कार्यक्रम में अनुपम श्रीवास्तव, सुरेश यादव, शैलेंद्र यादव, शैलेश चतुर्वेदी, दिनेश यादव, श्यामधर यादव, मंजू जैसवार, नेहा जायसवाल, आराधना उपाध्याय, गजाला बानो ,मनोज जायसवाल, संयुक्ता सिंह, सीमा उपाध्याय आदि प्रमुख रहे ।

# स्वर्गीय मास्टर मदन" की याद में अपना 40 वां राष्ट्रीय गायन प्रतियोगिता " सुरतरंग "आयोजित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : संगीत के क्षेत्र में नयी प्रतिभाओं को फिल्म और टी.वी. स्क्रीन पर लाने हेतु संगम कला ग्रुप देश के कोने–कोने से हर साल नयी प्रतिभाओं को खोजती है। हर वर्ष की भाति इस वर्ष भी संगम कला ग्रुप नयी दिल्ली " स्वर्गीय मास्टर मदन" की याद में अपना 40 वां राष्ट्रीय गायन प्रतियोगिता " सुरतरंग " का आयोजन पुरे देश में कर रहा है। इसी प्रयास के साथ वाराणसी चौप्टर के अंतर्गत जनपद जौनपुर में संगीत प्रतिभाओं की असीम सम्भावनाओं को देखते हुए संगम कला ग्रुप नयी दिल्ली पहली बार राष्ट्रीय संगीत गायन प्रतियोगिता प्रतियोगिता " सुरतरंग " का आयोजन जनपद जौनपुर में कर कर रहा है जिसका ऑडिशन दिनांक 14 मई को मोहम्मद हसन पी.जी. कॉलेज सुक्खीपुर, शाहगंज रोड जौनपुर में होगा ।क्षेत्रीय फाइनल 4 जून को पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर में आयोजित होगा, जहाँ से चयनित प्रतिभागियों को आल इंडिया क्वार्टर फाइनल नयी दिल्ली भेजा जायेग। आल इंडिया क्वार्टर फाइनल और सेमीफाइनल क्रमशः 13 और 14 जून को राष्ट्रीय रेल संग्रहालय नयी दिल्ली और आल इंडिया मेगा फीनाले 15 जून को अम्बेडकर इंटरनेशनल सेंटर जनपथ नयी दिल्ली में आयोजित होगा जहाँ हिंदुस्तान के मशहूर गायक सोनू निगम निर्णायक की भूमिका में नजर आएंगे । संस्था के क्षेत्रीय प्रमुख (पूर्वी उ.प्र.) कृष्णा पटेल ने बताया कि इस प्रतियोगिता के लिये पंजीकरण ऑडिशन के दिन होंगे । ऑडिशन फॉर्म प्रतियोगिता के दिन ही उपलब्ध होंगे । उम्र के हिसाब से प्रतियोगिता को तीन वर्गों में बाटा गया है । 6 से 12 वर्ष (सब – जूनियर वर्ग ),13 से 18 वर्ष (जूनियर वर्ग ) और 19 से 30 वर्ष (सीनियर वर्ग) । प्रतियोगिता हेतु गीतों के चयन को दो श्रेणीयों में बाटा गया है। फिल्म और नॉन– फिल्म श्रेणी । फिल्म वर्ग श्रेणी में बॉलीवुड फिल्मी गीत और नॉन फिल्म भजन, गजल, फोक और प्राइवेट संगीत अलवम के गीतों में से चयनित करना करना होगा। प्रतियोगी अपना फॉर्म फिल्म या नॉन फिल्म अथवा दोनों श्रेणीयों में भी आवेदन कर सकते है। प्रतियोगी शास्त्रीय संगीत में रागों का



चयन नहीं कर सकते है। पहली बार जनपद जौनपुर में प्रतियोगिता होने के नाते स्थानीय प्रतिभागियों का आवेदन निशुक्ल रखा गया है। पूरी प्रतियोगिता 5 चरणों में आयोजित होंगी। ऑडिशन के प्रथम चरण में चयनित प्रतिभागियों को क्षेत्रीय फाइनल में बुलाया जायेगा फिर वहां से चयनित प्रतिभागियों को आल इंडिया क्वाटर फाइनल हेतु नई दिल्ली भेजा जायेगा जहाँ बाकी 3 चरणों की प्रतियोगिता सम्पन होंगी। संस्था की महासचिव सुनैना सिंह ने बताया कि जहाँ तक संगम कला ग्रुप की बात है वह दिन प्रतिदिन नयी नयी उचाईयों को छू रहा है चाहे वह संगीत हो, नृत्य हो या ड्रामा हो ' संगम कला ग्रुप भारत के छोटे छोटे गावों में जाकर खास प्रतिभाओं को चुन चुन कर टेलीवीजन स्क्रीन पर लाती है। यह बहुत पवित्र मंच है जब लोगों ने सोचा भी नहीं था कि गायक को ऐसा प्लेटफार्म भी दिया जा सकता है जहाँ पूरा देश नाज करें। स्वर्गीय मास्टर मदन जो महज 12 वर्ष की उम्र में इस दुनिया से रुखसत हो गए, ऐसी प्रतिभा गुमनामी के अंधेरों में खो ना जाए ' इसलिए स्वर्गीय मास्टर मदन की याद में हर वर्ष यह प्रतियोगिता आयोजित की जाती है।

# तीन साल की लापता मासूम के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या :घर से कुछ दूरी पर मिली थी अचेत

बलिया ब्यूरो : कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में सोमवार से घर से गायब तीन साल की मासूम कुछ दूरी पर झाड़ियों में अचेत हालत में मिली। पहले तो परिजन सांप काटने की आशंका में झाड़–फूंक कराते रहे। बाद में इसे सीएचसी ले जाया गया तो चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। पीएम रिपोर्ट में मासूम के साथ दुष्कर्म के बाद गला दबाकर हत्या करने की पुष्टी हुई है। पुलिस धाराओं को बढ़ाने के साथ ही आरोपी की गिरफ्तारी के लिए प्रयास शुरू कर दिया है। सोमवार को गांव निवासी की तीन साल की पुत्री अपने घर से गायब हो गई। घंटों खोजबीन के बाद मामले में पिता की तहरीर पर बांसडीह कोतवाली में अपहरण का मुकदमा दर्ज किया गया। मंगलवार को बालिका घर से कुछ दूरी पर झाड़ी में अचेत मिली। इसके बाद परिजन सांप काटने की आशंका को लेकर कुछ देर झाड़–फूंक कराते रहे। फिर उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बांसडीह लाया। उसे चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस ने उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। देर शाम पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने मामले की परतें खोल दी। बालिका के साथ हुई दरिंदगी की कहानी सामने आते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। रिपोर्ट ने बताया कि मासूम के साथ दुष्कर्म करने के बाद उसकी गला दबाकर हत्या की गई थी। इसके साथ ही उसके शरीर पर और भी चोट खरोंच के निशान मिले थे, जो उसके साथ हुई दरिंदगी को बयां कर रहे थे। घटना ने पूरे क्षेत्र को झिंझोड़ कर रख दिया है। पुलिस आरोपी की तलाश में हाथ–पांव मार रही है। इस संबंध में सीओ बांसडीह शिवनारायण वैस ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर प्रकरण में दर्ज मुकदमे में हत्या और अन्य धाराओं को तरमीम किया जा रहा है। दोषी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगी हुई है।

# सर्राफ दंपति के साथ मारपीट के मामले में मुकदमा दर्ज

रिपोर्ट–जनार्दन श्रीवास्तव पाली–(हरदोई) नगर के मोहल्ला बाजार निवासी निक्की रस्तोगी ने पुलिस को तहरीर दी। बताया कि वह बीते सोमवार दोपहर अपनी पत्नी मानसी के साथ घर के बाहर सर्राफा की दुकान पर बैठा था। इसी दौरान मोहल्ला काजीसराय निवासी रेनू अपने बेटे अमन के साथ दुकान में आकर गाली गलौज करने लगी। विरोध करने पर रेनू ने बेटे के साथ मिलकर सर्राफ दंपती को पीट दिया। मारपीट की घटना दुकान में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई थी। प्रभारी निरीक्षक राजकुमार पाण्डेय ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## बारात गये युवक की डीजे पर नाचते समय मौत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : खुटहन थाना अंतर्गत सेठुआपारा गांव से सोमवार को आजमगढ़ जिले में गई बारात में द्वारचार के दौरान डीजे की धुन पर थिरक रहा युवक अचानक बेहोश होकर गिर पड़ा। मौके पर पहुंचे एक निजी चिकित्सक ने देखते ही उसे मृत घोषित कर दिया। रात में ही उसका शव सेठुआपारा गांव लाया गया। जिसे देखते ही स्वजनों में चीख पुकार मच गया। शव का अंतिम संस्कार पिलकिछा घाट पर कर दिया गया। गांव से आजमगढ़ जिले के दीदारगंज थाना क्षेत्र के डीहपुर गांव में बारात गयी थी। जिसमें गांव का 41 वर्षीय बब्लू यादव भी बारात में शामिल था। नाश्ता के बाद द्वारचार की तैयारी शुरू हो गई। डीजे की धुन पर साथियों संग बब्लू भी डांस कर रहा था। अचानक वह बेहोश होकर गिर पड़ा। उसकी मौत की खबर फैलते ही शादी की खुशियां मातम में बदल गई। रात में ही शव घर पहुंचते ही स्वजनों में कोहराम मच गया। घटना से पूरे गांव में शोक छा गया।

# पटाखों से निकली चिंगारी बनी काल : 35 बकरियों की जलकर दर्दनाक मौत

भदोही ब्यूरो : दुर्गागंज थाना क्षेत्र के कुढ़वा गांव में मंगलवार की रात पटाखे से निकली चिंगारी ने 35 बकरियों को मौत के आगोश में ले लिया। गांव में आई बारात के दौरान छोड़े जा रहे पटाखे से निकली चिंगारी झोपड़ी पर जा गिरी। जिससे उसमें आग लग गया। आग लगने से उसमें बांध कर रखी गई 35 बकरियों की जलकर मौत हो गई। गनीमत रहा कि आग की लपटें पास की झोपड़ियों तक नहीं पहुंची, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था।



जानकारी के अनुसार कुढ़वा गांव निवासी राधेश्याम पाल के बेटी की शादी थी। जौनहरी, प्रयागराज से आई शादी में आए बाराती नाचते–गाते हुए दरवाजे पर पहुंचे। जहां द्वारचार की रस्म पूरी की जा रही थी। इधर बारात में छोड़े जा रहे पटाखे की चिंगारी पड़ोसी राम अछैबर पाल की छप्पर में चली गई। जिससे छप्पर में भयंकर आग लग गई। राम अछैबर बकरी पालन कर अपनी आजीविका चलाते थे। उन्होंने छप्पर में ही अपनी बकरियां बांध रखी थी। आग लगने के बाद बंधी बकरियों को भागने का भी मौका नहीं मिला और छप्पर में बंधी सभी 35 बकरियों की जलकर दर्दनाक मौत हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। जिससे अन्य झोपड़ियों तक आग की लपटें नहीं पहुंच सकी थी। अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। बकरियों से जलने से पशु पालक पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। जानकारी होते ही पशुपालन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची। टीम ने पशु पालक के नुकसान का आंकलन कर मुआवजा दिए जाने का आश्वासन दिया। प्रधान झल्लू राम ने बताया कि मरी हुई बकरियों को दफनाने के लिए कई बार लेखपाल से फोन कर भूमि चिन्हित किए जाने की मांग की गई, लेकिन लेखपाल की ओर से कुछ भी नहीं बताया जा रहा है। जिससे बकरियां ऐसी ही लावारिस पड़ी हैं। अगर उन्हें जल्द नहीं दफनाया गया तो संक्रामक बीमारी भी फैल सकती है।

# कार सवार को बदमाशों ने लहूलुहान कर लूटा चेन व ब्रेसलेट

जौनपुर ब्यूरो : जौनपुर में नेवढ़िया थाना क्षेत्र के खेतापुर महारथपुर गांव निवासी रणजीत सिंह मंगलवार की शाम मड़ियाहूं थाना क्षेत्र के मोकलपुर गांव में अपने बहन के यहां परिवार के अन्य सदस्यों के साथ पूजा पाठ में सम्मलित होने गए थे। वहां से लौटते समय नेवढ़िया थाना क्षेत्र के इटाये बाजार में पहुंचे तो फॉर्चूनर गाड़ी को दो बदमाश बाइक से ओवरटेक करने लगे। करीब एक किलोमीटर दूर बर्राह पुल के पास फॉर्च्यूनर के आगे अपनी बाइक बदमाशों



ने लगा दी और बदमाशों ने किसी को फोन किया। 2 मिनट के अंदर 4 लोग और आ गए। गाड़ी में सवार रणजीत सिंह को पंच व डंडे से मारकर लहूलुहान कर दिया। आरोप है कि उनके गले की चेन व हाथ का ब्रेसलेट लूट लिया। रणजीत सिंह के साथ अन्य लोगों ने 112 नंबर पुलिस को सूचना दी। 112 नंबर की पुलिस घटनास्थल पर न पहुंचकर उनको इटाए बाजार आने को कहा। पीड़ित जब वहां पहुंचे तो रणजीत सिंह का बहता खून देखकर 112 पुलिस घबरा गई और तुरंत हॉस्पिटल जाने की सलाह दी। पीड़ित रात में करीब 11.30 बजे मड़ियाहूं पहुंचे तो निजी चिकित्सालय के चिकित्सकों ने हाथ उठा लिया और इलाज करने में असमर्थता जताई। किसी प्रकार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मड़ियाहूं में उनका इलाज हो पाया। इसके बाद पीड़ित रात में ही नेवढ़िया थाना पहुंचा तो थाने के लोग सुबह आने को बोल कर घर जाने को कहे । इस संबंध में थानाध्यक्ष विनय कुमार मिश्रा ने बताया कि लूट नहीं है मारपीट की घटना है।

# त्याग समर्पण वीरता के प्रतीक है महाराणा प्रताप– कृपाशंकर सिंह

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : तिलकधारी सिंह महाविद्यालय परिसर में स्थित महाराणा प्रताप ब्यायामशाला में मंगलवार को राजपूत सेवा समिति के तत्वावधान में समिति के सदस्यों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ शूरवीर महाराणा प्रताप का जयंती समारोह के माध्यम से मनाया गया। लोगों ने उनकी वीरता, पराक्रम व शौर्य को याद करते हुए उनके जीवन गाथा पर चर्चा करते हुए उनके जीवन पर आधारित लघु फिल्म भी दिखाई गई। मुख्य अतिथि महाराष्ट्र सरकार में पूर्व गृहराज्य मंत्री कृपाशंकर सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप भारतीय इतिहास के एक बीर सपूत है जिनकी प्रेरणा से आज भी युवा पीढ़ी उत्साहित हो रही है। उन्होंने कभी वसूलों से समझौता नही किया। उनका नाम इतिहास में और दृढ़ प्रण के लिए अमर है। उनके त्याग, समर्पण व वीरता को कभी नहीं भुलाया जा सकता। विशिष्ट अतिथि विधान परिषद सदस्य बृजेश सिंह प्रिंसू ने कहा कि महाराणा प्रताप सच्चे राष्ट्रभक्त थे। उन्होंने कभी भी परिस्थितियों से समझौता न करके देश के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिया। विशिष्ट अतिथि सिंगरामऊ स्टेट के कुंवर जयसिंह बाबा ने कहा कि मातृभूमि की रक्षा के लिए महाराणा प्रताप ने संघर्ष करते हुए अपने प्राण त्याग दिया। जिन्होंने कभी घास से बनी रोटी खाने का विकल्प चुना लेकिन कभी भी अपना धर्म और अपना अभिमान अकबर को नहीं दिया। जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन पूर्व मंत्री कुंवर वीरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप ने कभी जीवन में किसी से हार नहीं मानी। स्वाभिमान से जीवनयापन



किया। आज भी उनका व्यक्तितत्व समाज के लोगों के लिए प्रेरणादायक है। ओमप्रकाश सिंह ने विस्तार से प्रकाश डालते हुए जनपद में शीघ्र ही महाराणा प्रताप की भब्य मूर्ति स्थापित कराने की प्रतिबद्धता जताई। इस कार्य मे समिति के लोगो ने हरसम्भव सहयोग देने का आश्वासन भी दिया। प्रख्यात गायक रविन्द्र सिंह ज्योति ने गीत सुनाकर रोमांचित कर दिया। कार्यक्रम में अधिवक्ता दुष्यंत सिंह, धुरंधर सिंह, रत्नाकर सिंह, अजीत सिंह, रवींद्र प्रताप सिंह, प्रमुख द्वय विनय सिंह, वीरेंद्र सिंह, विनय सिंह प्रधान, सिद्धार्थ सिंह, अमर बहादुर सिंह, उदयराज सिंह, नरसिंह हादुर सिंह, सुधाकर सिंह, प्रमोद सिंह, करिया सिंह, सर्वेश सिंह, मनोज सिंह, मनीष सिंह सोमवंशी, धर्मेंद्र सिंह, रजनीश सिंह, राजेश सिंह, राघवेंद्र सिंह, सौरभ सिंह, रमेश सिंह रामा सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे। अध्यक्षता पूर्व विधायक सुरेंद्र प्रताप सिंह, संचालन अजय कुमार सिंह व आभार दिनेश सिंह बब्बू ने ज्ञापित किया।

# मतगणना कर्मठता निष्पक्षता एवं समयबद्ध कराना प्रवेक्षक व सहायक की जिम्मेदारी –अजय प्रताप सिंह

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : 13 मई 2023 को जनपद की नगरीय निकाय निर्वाचन 2023 की मतगणना हेतु रसखान प्रेक्षागृह में आहूत प्रशिक्षण में जिला विकास अधिकारी/ सहायक प्रभारी अधिकारी कार्मिक अजय प्रताप सिंह ने कहा कि नगरीय निकायों की मतगणना कर्मठता, निष्पक्षता एवं समयबद्ध कराना मतगणना प्रवेक्षक तथा मतगणना सहायक की जिम्मेदारी होगी। जिला विकास अधिकारी ने कहा कि सभी मतगणना प्रवेक्षक एवं मतगणना सहायक 13 मई 2023 को प्रातः 6 बजे अपने मतगणना स्थलों पर पहुंच जाये और समस्त तैयारियां पूर्ण करते हुए प्रातः 8 बजे से मतगणना प्रारम्भ करेगें और मतगणना स्थल पर किसी मतगणना प्रवेक्षक व सहायक तथा एजेन्ट के पास मोबाइल फोन नहीं रहेगा और कोई पेयजल एवं पेय पर्दाथ आदि किसी प्रकार की बोतल नहीं लेकर जायेगें। श्री सिंह ने कहा कि मतपेटी खोलने से पहले उसपे लगी सील को सभी एजेन्टों को दिखाने के बाद अध्यक्ष एवं सदस्य प्रत्यासियों को मिले मत पत्रों की 50–50 की गड्डी बनाये तथा अवैध मत पत्रों की अलग गड्डी



बनायें। प्रशिक्षण में जिला विकास अधिकारी ने कहा कि मतगणना प्रवेक्षक एवं सहायक मतगणना की समस्त जानकारी दी गयी जानकारी को ध्यान से पढ़ ले और मतगणना के दौरान किसी शंका तथा समस्या के समाधान के लिए तत्काल अपने आर0ओ0 को जानकारी देकर उसका समाधान करायें। इसके अतिरिक्त प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनरों ने मतगणना प्रवेक्षक एवं मतगणना सहायकों को प्रपत्र 36 तथा 38 भरने आदि की सम्पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराई।

# एडवोकेट की पत्नी का बाइक सवार बदमाशों ने लूटा पर्स : केस दर्ज

गोरखपुर ब्यूरो : गोरखपुर जिले में शाहपुर इलाके के धर्मशाला पुल के पास सोमवार की रात देवरिया से आ रही एडवोकेट की पत्नी की बाइक सवार बदमाशों ने पर्स लूटकर फरार हो गए। पर्स में मंगलसूत्र दो मोबाइल व रुपये और जरूरी कागज थे। बुधवार को पुलिस ने केस दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक, महराजगंज जिले के श्यामदेउरवा स्थित ग्राम नरायनपुर निवासी राम आशीष प्रजापति शाहपुर के आवास विकास कॉलोनी में रहते है। वह दीवानी न्यायालय में एडवोकेट है। उन्होंने बताया कि पत्नी मंजू देवी परतावल ब्लॉक में आशा कार्यकत्री हैं। वह बेटी के साथ देवरिया मायके गई थी। सोमवार की रात साढ़े आठ बजे बस से गोरखपुर रोडवेज पहुंची और मां–बेटी ई–रिक्शा में सवार होकर आवास विकास कॉलोनी के लिए आ रही थी। ई–रिक्शा अभी धर्मशाला पुल के सौ मीटर आगे पहुंचा था कि पीछे से आए बाइक सवार



बदमाशों ने मंजू के पर्स पर झपट्टा मारकर लूट लिया और फरार हो गए। शोर मचाने पर आसपास के लोग जुटे तब तक बाइक सवार रेलवे कॉलोनी के तरफ फरार हो गए। सूचना पाकर पहुंची पुलिस पूछताछ करने के बाद बदमाशों की तलाश की लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। पीड़िता की तहरीर पर बुधवार को पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ लूट की केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

# जाति विशेषज्ञ पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने पर मानीटरिंग सेल प्रभारी लाइनहाजिर

गोरखपुर ब्यूरो : एक जाति विशेषज्ञ पर आपत्तिजनक टिप्पणी को फारवर्ड करने के आरोप में मानीटरिंग सेल प्रभारी निरीक्षक चंद्रिका प्रसाद जैसल को लाइनहाजिर कर दिया गया। प्रभारी एसएसपी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने विभागीय जांच का भी आदेश दिया है। उधर, सोशल मीडिया पर भी यह पोस्ट को वायरल हो गई है। जानकारी के मुताबिक, पुलिस का कोर्ट मुहर्रिर का एक ग्रुप बना है। इसमें मानीटरिंग सेल के प्रभारी के रूप में निरीक्षक चंद्रिका प्रसाद जैसल को जिम्मेदारी दी गई है। मंगलवार को एक जाति विशेष पर किए गए आपत्तिजनक पोस्ट को इन्होंने पुलिस के इसी ग्रुप में फारवर्ड कर दिया। ग्रुप में संदेश आते ही तरह–तरह की चर्चाएं होने लगी और फिर सोशल मीडिया पर भी निरीक्षक के पोस्ट को वायरल कर दिया गया। प्रभारी एसएसपी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि मामला संज्ञान में आने पर आरोपी निरीक्षक को लाइनहाजिर कर विभागीय जांच का आदेश दिया गया है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## अवध विवि द्वारा गोद लिए गांव में स्वास्थ्य परीक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल के निर्देशन में महिला विस्तार गतिविधि के अंतर्गत गोद लिए गए गांव माधवपुर मसौधा में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर व स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सोमवार को महिला अध्ययन केंद्र तथा महिला शिकायत एवं कल्याण प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में अविवि की चिकित्सा प्रभारी डॉ0 दीपशिखा चौधरी द्वारा गांव की महिलाओं का शुगर व उच्च रक्तचाप का जॉच किया गया। स्वास्थ्य शिविर में डॉ0 चौधरी ने ग्रामीण महिलाओं को जागरूक करते हुए कहा कि शुगर को सामान्य रखने के लिए नियमित पैदल चलना आवश्यक है। महिलाएं भोजन में मोटे अनाज को शामिल करें। इसमें फाइबर एवं पोषक तत्वों की मात्रा भरपूर होती है। चोकर युक्त आटे का प्रयोग करने से कब्ज की शिकायत नही होगी। इससे काफी हद तक शारीरिक समस्याएं दूर होगी। स्वास्थ परीक्षण शिविर में डॉ0 दीपशिखा ने बताया कि उच्च रक्तचाप से पीड़ित मरीजों को नमक का प्रयोग कम से कम करना चाहिए। सभी को आयोडीन युक्त नमक का प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने ग्रामीण महिलाओं को समय समय पर स्वास्थ्य की जांच कराते रहने की सलाह दी। कहा कि इससे उपचार में सहायता मिलती है। बिना चिकित्सक से परामर्श लिए दवा नही लेनी चाहिए। ऐसा करना सेहत के लिए नुकसानदेह व हानिकारक हो सकता है। उन्होंने महिलाओं को स्वस्थ्य रहने के लिए परामर्श देते हुए बताया कि जीवन में योग व व्यायाम को अपनी दिनचर्या में शामिल करें। वर्तमान मौसम में लोग बीमार पड़ रहे है। इसके लिए पानी उबालकर पीना चाहिए। फ्रिज के पानी की जगह मटके के पानी का सेवन स्वास्थ्य के लिए हितकर होगा। इस अवसर पर इंजीनियर निधि, डॉ0 स्नेहा पटेल, डॉ0 निहारिका सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।

## समारोह पूर्वक मनाई गई महाराणा प्रताप की जयंती

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) बीकापुर–अयोध्या। जनपद के बीकापुर तहसील क्षेत्र के हैदरगंज थाना अंतर्गत मैहर कबीरपुर में प्रताप फाउंडेशन के तत्वाधान में धूमधाम से मनाई गई महाराणा प्रताप की जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई इस अवसर पर हाईस्कूल और इंटर के टॉपर बच्चों को सम्मानित कर उत्साहवर्धन किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता अपना दल नेता प्रमोद सिंह ने किया अन्य अतिथियों में जेडी सिंह जिला अध्यक्ष जनसत्ता दल, सनी सिंह करणी सेना, कृष्ण चंद्र सिंह, आकाश सिंह, आलोक सिंह, पंकज निषाद, प्रभात पांडे, ऋषि प्रसाद सिंह, पप्पू सिंह पूर्व ब्लॉक प्रमुख, उर्मिला कालेज प्रबंधक शूर्या सिंह , प्रदीप कन्नौजिया भी मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक अभय सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप जैसे शासक ने जिस प्रकार भारत का मस्तिष्क पूरे विश्व में ऊंचा किया है वह आज के समाज के लिए प्रेरणादायक व अनुकरणीय हैं। आज हमें आवश्यकता है कि ऐसे महापुरुषों की जयंती मनाई जाए जिससे हमारी युवा पीढ़ी प्रेरित हो और एक अच्छे समाज का निर्माण हो। अपना दल एस प्रमोद सिंह ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा महाराणा प्रताप देश के राष्ट्र गौरव हैं जब महाराणा प्रताप ने इस पवित्र पावन भूमि के लिए अपने प्राण न्योछावर किए तो अकबर जैसा प्रतिद्वंदी भी उनकी इस शहादत पर दुखी था क्योंकि वह हृदय से महाराणा प्रताप के गुणों का प्रशंसक था और वह जानता था कि महाराणा प्रताप जैसा वीर कोई और इस धरती पर नहीं होगा । कार्यक्रम को अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया इस मौके पर आए हुए अतिथियों को आयोजक प्रशांत सिंह ने स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया कार्यक्रम का संचालन बुलेट सिंह ने किया।

## कारसेवकपुरम् के मुख्य द्वार पर सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ कर कर्नाटक कांग्रेस के घोषणा पत्र का किया विरोध

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल और वैदिक विद्वानों के साथ स्थानीय रामभक्तों ने आज मंगलवार को कारसेवकपुरम् के मुख्य द्वार पर सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ कर कर्नाटक कांग्रेस के घोषणा पत्र का विरोध किया। इस दौरान कहा गया कि कांग्रेस की सरकार जब–जब आई है उसने हिंदू संगठनों और हिंदू मान बिंदुओं पर व्यापक कुठाराघात किया। बजरंग दल सामाजिक धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्य करने वाला युवा संगठन है। जिसका धेय वाक्य है–सेवा सुरक्षा और संस्कार ऐसे संगठन पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा करने वाली कांग्रेश का मानसिक संतुलन बिगड़ गया है। दीप के केंद्रीय मंत्री राजेंद्र सिंह पंकज ने कहा बजरंग दल की उत्पत्ति सामाजिक धार्मिक एवं सांस्कृतिक जीवन मूल्यों को संरक्षण देने के लिए हुई है या संगठन युवाओं को संस्कारित उन्हें सेवा के माध्यम से समाज के प्रति जागरूक करने के लिए लगातार सक्रियहै। अनेक प्रकार के कार्यक्रम देश में बजरंग दल के माध्यम से हुए हैं उसे प्रतिबंध करने की घोषणा करने वाली कांग्रेश आतंकियों के हाथों की कठपुतली है जो सामाजिक विद्वेष फैला कर देश में अस्थिरता पैदा करना चाहती है। विश्व हिंदू परिषद के मीडिया प्रभारी सरल शर्मा ने कहा बजरंग दल की उत्पत्ति पूज्य संतों के माध्यम से हुई है एक पवित्र लक्ष्य को लेकर चलने वाला यह संगठन कभी भी संतों के आशीर्वाद से दिशा विहीन नहीं हो सकता है। उसका प्रत्येक कार्यकर्ता सामाजिक सांस्कृतिक एवं सेवा संस्कार के प्रति संकल्पित है। कांग्रेस की मानसिकता पूर्ण रूप से तुष्टीकरण में लिप्त है वह सामाजिक एकता मैं गतिरोध उत्पन्न कर वोट की राजनीति कर रही है। इस दौरान कार सेवक पुरम् के मुख्य द्वार पर हनुमान जी के चित्र पर पुष्पांजलि और दीप जलाकर आरती भी उतारी गयी। इस अवसर पर चौरासी कोसी परिक्रमा के प्रमुख सुरेंद्र सिंह,सहप्रभारी भूपेन्द्र जी, विभाग मंत्री धीरेश्वर जी, कार्याध्यक्ष कौशिक प्रमाणिक,प्रधानाचार्य इंद्र देव मिश्रा, आचार्य दुर्गा प्रसाद गौतम, नारद भट्टाराई, डां कुशुमलता अग्रवाल,धर्मवीर,अरविंद कुमार, अनुराग पांडेय आदि उपस्थित रहे।

## 13 से 22 मई तक चलेगा अयोध्या के यूपी बटालियन–65 की कंबाइंड वार्षिक एनसीसी कैंप

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार।आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में अयोध्या की यूपी बटालियन–65 की कंबाइंड वार्षिक एनसीसी कैंप 13 से 22 मई तक लगने जा रहा है। कैंप के दौरान अयोध्या तथा अंबेडकर नगर से 530 एनसीसी के छात्र–छात्राएं सैन्य प्रशिक्षण में हिस्सा लेंगे। शिविर को सफलता पूर्वक संचालित करने के उद्देश्य से बटालियन के सीओ संतोष कुमार ने कृषि विश्वविद्यालय का भ्रमण कर व्यस्थाओं का जायजा लिया साथ ही कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह के साथ भेंटकर प्रशिक्षण को सफल बनाने पर चर्चा की।विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाले कंबाइंड वार्षिक प्रशिक्षण शिविर (CATC-61) में अयोध्या और अंबेडकर नगर के एनसीसी के कुल 530 छात्र एवं छात्राएं प्रतिभाग करेंगे। कैंप में 65 बटालियन के 40 सैन्य अधिकारी एवं कर्मचारी एनसीसी के छात्रों को प्रशिक्षण देंगे। कृषि विश्वविद्यालय के एनसीसी अधिकारी डा. नवीन कुमार सिंह ने बताया कि एनसीसी के प्रशिक्षण कैंप के लिए विश्वविद्यालय के मुख्य खेल मैदान को चिन्हित किया गया है। प्रशिक्षण के सफल आयोजन के लिए तैयारियां तेज कर दी गईं हैं। फायरिंग रेंज बनकर तैयार हो गया है। प्रशिक्षण के दौरान एनसीसी कैडेट्स को छोटे हथियारों की तकनीकि जानकारी देने के साथ–साथ चलाने की ट्रेनिंग दी जाएगी। कंपास के जरिए मैप रीडिंग व सेना में भर्ती के लिए विस्तार से जानकारी दी जाएगी। कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह के नेतृत्व में विगत वर्ष 13 / 65 यूपी बटालियन एनसीसी की विश्वविद्यालय में स्थापना हुई थी। इसी क्रम में बटालियन से 10 दिनों तक कैंप कराने के लिए विश्वविद्यालय को चुना गया। एनसीसी कैडेट्स को कृषि विवि में प्रशिक्षण देने के लिए कुलपति की ओर से स्वीकृति भी दे दी गई थी।

## टीबी मुक्त अयोध्या के लिए 15 से चलेगा विशेष अभियान 241 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के माध्यम से खोजे जाएंगे टीबी मरीज

अयोध्या (क्राइम रिपोर्टर) मुकेश कुमार। देश को वर्ष 2025 तक क्षय मुक्त बनाने के लिए क्षय रोगियों को चिन्हित कर जल्द से जल्द उनका उपचार किया जाएगा। इसके लिए जिले के सभी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर ( एचडबल्यूसी ) के जरिये 15 मई से 21 कार्य दिवसों तक विशेष अभियान चलाकर घर–घर टीबी रोगी खोजे जाएंगे। जिला क्षय रोग अधिकारी डा. आर.के. सक्सेना ने बताया शासन की ओर से इस संबंध में विस्तृत दिशा–निर्देश जारी किए गए हैं। जिसके अनुसार जिले के दूरस्थ क्षेत्र, मलिन बस्ती, अथवा पिछले दो वर्षों में जिन क्षेत्रों में कोविड या टी0बी0 के रोगी अधिक चिन्हित हुए हैं। वहां टीबी रोगी खोजने के लिए घर–घर अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए जिले के सभी 241 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर तीन –तीन कैंप हर सप्ताह लगाए जाएंगे। कैंप में एएनएम व आशा कार्यकर्ताओं की टीम क्षय रोगियों की खोज करेंगी । साथ ही कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर (सीएचओ) क्षय रोगियों के चिन्हीकरण, जांच, उपचार, ट्रीटमेंट, निक्षय पोषण योजना के अंतर्गत डीबीटी, काउंसिलिंग व मनोसामाजिक सहयोग प्रदान करेंगे। क्षय रोग अधिकारी ने बताया कि एएनएम व आशा घर–घर जाकर टीबी के संभावित लक्षण वाले व्यक्तियों को चिन्हित कर उनका बलगम एकत्रित करेंगी। इसके बाद सीएचओ समस्त सैम्पल को नजदीकी जांच केंद्र पर भेजेंगे। जांच पॉजिटिव आने पर तत्काल नोटिफिकेशन कर तुरंत मरीज का उपचार शुरू कर दिया जाएगा, साथ ही उन्हें निक्षय पोषण योजना के तहत छह माह या उपचार चलने तक हर माह 500 रुपये टीबीटी के माध्यम से मरीज के बैंक में सीधे ट्रांसफर की जाएगी । जिला कार्यक्रम समन्वयक अमंत प्रताप सिंह ने बताया कि टीबी मुक्त भारत का लक्ष्य हासिल करने के लिए वर्ष 2022 में पहली बार टीबी संबंधी सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स को शामिल किया गया। इसके अलावा हर माह की 15 तारीख को एचडब्ल्यूसी पर एकीकृत निक्षय दिवस का आयोजन किया जाता है। एकीकृत निक्षय दिवस के मौके पर आशा द्वारा चिन्हित क्षय रोग से मिलते जुलते लक्षण वालों की बलगम जांच कराई जाती है। साथ ही शुगर और एचआईवी की स्क्रीनिंग भी की जाती है। टीबी के प्रमुख लक्षण – दो हफ्ते से ज्यादा खांसी आना, शाम के समय बुखार आना, लगातार वजन में कमी आना, सीने में दर्द होना, थकान लगना, रात मे पसीना आना, भूख न लगना, बलगम में खून आना।

## डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने भाजपा मेयर प्रत्याशी के समर्थन में किया रोड़ शो

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार। चुनाव के अंतिम दिन भारतीय जनता पार्टी ने नगर निगम अयोध्या में शक्ति प्रदर्शन किया। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के रोड़ शो में भगवा धारण किये अपार जनसमूह सड़क पर उतरा। भीषण गर्मी तथा आसमान आ रही गर्म धूप भी पार्टी कार्यकर्ताओं के उत्साह को कम नहीं कर सकी। ढोल नगाड़े के साथ रोड़ शो के दौरान हजारों की संख्या में मौजूद भाजपा कार्यकर्ताओं ने जयघोष से परिवेश को गुंजायमान कर दिया। नाका गांधी आश्रम से रिकाबगंज तक निकले दो किमी से लम्बे मार्ग में दर्जनों स्थानों पर लोगो ने रोड़ शो पर पुष्पवर्षा करके स्वागत किया। रथ पर डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या के साथ सांसद लल्लू सिंह, क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, प्रथम महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, प्रत्याशी महंत गिरीश पति त्रिपाठी शामिल थे। संचालन महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा कर रहे थे। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या ने कहा कि यूपी के सभी नगर निगमों पर भाजपा ऐतिहासिक जीत दर्ज करने वाली है। त्रिपल इंजन की सरकार बनाकर यहां की जनता अयोध्या को कमल की फूल की तरह खिलाकर देगी। रामभक्तों के बीच सपा वाले प्रचार प्रसार करने तक नहीं आये। हम विकास के साथ सुरक्षा भी प्रदान करेंगे। सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं को वैश्विक मानकों के अनुरुप हर सुविधा प्रदान करने हेतु कटिबद्ध है। जिसके लिए अयोध्या को योजनाओं की श्रंखलाएं प्रदान की गयी है। यहां अंतराष्ट्रीय सुविधा युक्त रेलवे स्टेशन व एयरपोर्ट का निर्माण किया जा रहा है। श्रद्धालुओं के बेहतर रोड़ कनेक्टिविटी दी जा रही है। क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा ने कहा कि भाजपा इस चुनाव में एतिहासिक विजय की ओर अग्रसर है। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि सरकार सबका साथ सबका विकास के पथ पर चलते हुए सबका विश्वास हासिल करने के लक्ष्य की ओर बढ़ रही है। प्रथम महापौर ऋषिकेश उपाध्याय ने कहा कि गरीबों के चेहरे पर खुशी का भाव लाना सरकार की प्राथमिकताओं में रहा है। भाजपा प्रत्याशी महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा कि विकास की रश्मि से प्रकाशित अयोध्या आने वाले समय में देश के प्रमुख व्यापारिक केन्द्रों में एक होगी। इसका सबसे ज्यादा लाभ अयोध्या की जनता को मिलने वाला है। इस अवसर पर जिला प्रभारी पद्मसेन चौधरी, क्षेत्रीय महामंत्री त्रयम्बक तिवारी, सहाकारी बैंक के सभापति धर्मेन्द्र प्रताप सिंह टिल्लू, अवधेश पाण्डेय बादल, डा बांके बिहारी मणि त्रिपाठी, कमलेश श्रीवास्तव, अवधेश श्रीवास्तव, आलोक कुमार सिंह रोहित, हरीश श्रीवास्तव, अभय सिंह, गिरीश पाण्डेय डिप्पुल, जितेन्द्र दूबे मिंटू प्रधान, नीरज कन्नौजिया, इं रणवीर सिंह, सत्य प्रकाश वर्मा, डा अवधेश वर्मा, बालकृष्ण वैश्य, आलोक द्विवेदी, रवि सोनकर, सुनील तिवारी शास्त्री, विकास सिंह, अमल गुप्ता, तिलक राम मौर्या, शैलेन्द्र कोरी, परमानंद मिश्रा, राजू सिंह, राकेश मणि त्रिपाठी, विशाल सिंह बाबा, सूरज सोनकर, रवि शर्मा, ज्ञान केसरवानी, नीरज जायसवाल सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी कार्यकर्ता, समाजिक संगठनों से जुड़े लोग उपस्थित रहे।

## 13 दिन बाद बहाल हुई रोडवेज की आनलाइन सेवा

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार। उ.प्र. परिवहन निगम में 13 दिन के व्यवधान के बाद फिर से पुरानी ऑनलाइन व्यवस्था बहाल हो गई है। मुख्यालय पर नया सर्वर स्थापित कर रोडवेज में एडवांस और तत्काल आनलाइन बुकिंग, मासिक सीजन टिकट निर्माण तथा यूपीआई से पेमेंट सेवा शुरू हो गई है। ई टिकटिंग मशीनों का संचालन रोडवेज महकमें ने पहले ही शुरू कर दिया था। यात्रियों को सुविधा उपलब्ध कराने तथा व्यवस्थाओं के डिजिलीकरण और आधुनिक तकनीकि के इस्तेमाल को लेकर परिवहन निगम ओर से तमाम व्यवस्थाओं को ऑनलाइन किया गया था। ठेके पर संचालित सेवा में कुछ दिन पूर्व ही परिवहन निगम ने नई सेवा प्रदाता कंपनी से अनुबंध किया है। 25 अप्रैल की सुबह सेवा प्रदाता कंपनी का डाटा हैक कर हैकर्स की ओर से बड़ी रकम की मांग की गई थी। प्रकरण में प्रबंधन की ओर से अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज करायी गई थी और तकनीकी टीम डाटा रिकवरी में लगाया गया था। हैकिंग के चलते परिवहन निगम में सभी ऑनलाइन सेवाएं वातानुकूलित और वाल्वो बसों की ऑनलाइन बुकिंग, यूपीआई से पेमेंट तथा ई टिकटिंग मशीन बंद हो गई थी, जिसके चलते रोडवेज विभाग को कामकाज मैनुअल व्यवस्था में लाना पड़ा था। बीते 13 दिनों से परिचालको की ओर से पुरानी प्रचलित व्यवस्था के तहत यात्रियों को कागज का टिकट दिया जा रहा था। उधर तकनीकी टीम की ओर से रिस्टोर तथा कमांड सेंटर की ओर से डाटा टेस्टिंग के बाद आंशिक रूप से रविवार को ई टिकटिंग मशीन का इस्तेमाल शुरू कर दिया गया था और मुख्यालय से सूचना जारी कर सोमवार की शाम से ऑनलाइन सेवाओं को चालू करने की बात कही गई थी। नये सर्वर की स्थापना और लांचिंग के बाद देर शाम यात्रियों को ऑनलाइन बुकिंग की पूर्ववत सुविधा बहाल कर दी गई। भविष्य में इस तरह की कोई पुनरावृत्ति न होने पाए इसके लिए विभाग की ओर से साइबर सुरक्षा मानकों के तहत बेस्ट ऑफ दी इन्डस्ट्री मानकों का अनुपालन सुनिश्चित कराने तथा नये सर्वर, समस्त टिकटिंग अप्लीकेशन्स इत्यादि के वृहद्व परीक्षण के बाद यात्रियों को ऑनलाइन टिकट बुक करने, बस के अन्दर यूपीआई के माध्यम से भुगतान तथा निगम के टिकट काउन्टर से डिजिटल अथवा कैश के माध्यम से टिकट प्राप्त करने की सुविधा बहाल करने का दावा किया है।अयोध्या डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक आदित्य प्रकाश का कहना है कि नये सर्वर के सफल परीक्षण के बाद सभी ऑनलाइन सेवाओं को फिर से चालू कर लिया गया है। ईटीएम सेवा एक दिन पूर्व ही बहाल हो गई थी। उनका कहना है कि रात से सभी सेवाएं सफलतापूर्वक संचालित हो रही हैं।

## चुनाव प्रचार के अन्तिम दिन प्रत्याशियों ने झोंकी ताकत

अयोध्या (क्राइम रिपोर्टर) मुकेश कुमार।गोसाईगंज–अयोध्या। निकाय चुनाव प्रचार बन्द होने से पूर्व गोसाईगंज नगर पंचायत में सभी प्रत्याशियों ने अपनी पूरी ताकत झोंक दिया। भाजपा प्रत्याशी बिजयलक्ष्मी जायसवाल के पक्ष में जिलाध्यक्ष संजीव के नेतृत्व में पूरे लाव लश्कर के साथ निकलकर लोगो से भाजपा को अधिक से अधिक मत देने की अपील किया।इनके पक्ष में पूर्व मंत्री अनुपमा जायसवाल,सांसद लल्लू सिंह,एमएलसी/पूर्व सांसद हरिओम पांडे, पूर्व विधायक टांडा संजू देवी सुशील जायसवाल सहित तमाम दिग्गजो ने जमकर प्रचार किया। वंही सपा प्रत्याशी मायादेवी के पक्ष में विधायक अभयसिंह,जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव ने अपनी पूरी ताकत झोंक दिया है।कांग्रेस की शमा परवीन व बसपा प्रत्याशी सुशीला सैनी भी किसी से पीछे नही दिखी।निर्दलीय प्रत्याशी मीरादेबी के पक्ष में उनके पति हनुमान सोनी व जानकी देवी जायसवाल के पति गणेश जायसवाल ने लोगो से भारी मतों से जिताने की अपील किया।कुल मिलाकर अब अंतिम घड़ी में सभी दलों ने अपनी अपनी ताकत दिखाने में कोई कोर कसर नही छोड़ा।अब निर्णय जनता के हाथ मे है, जिसका सेमीफाइनल 11 मई को मतदान से और फाइनल13मई को मतगणना से होगा। गोसाईगंज नगर पंचायत की जनता किसको जीत का सेहरा पहनाती ये आने वाला वक्त ही बताएगा।

## जीआईसी मैदान से आज रवाना होंगी पोलिंग पार्टियां

अयोध्या (क्राइम रिपोर्टर) मुकेश कुमार। नगर निकाय चुनाव सकुशल संपन्न कराने के लिए बुधवार को राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान से जनपद के सभी निकायों के लिए पोलिंग पार्टियां रवाना होंगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमित सिंह ने कहा, सभी पीठासीन अधिकारी व मतदान अधिकारी निर्धारित समय पर राजकीय इंटर कॉलेज पहुंचकर अपनी उपस्थिति निर्धारित पटल पर दर्ज कराने के साथ अपने सेक्टर मजिस्ट्रेट को रिपोर्ट करें। मतदान के लिए निर्धारित सामाग्री प्राप्त कर उसे चेकलिस्ट से मिलान कर लें। मिलान के पश्चात पोलिंग पार्टी, सेक्टर मजिस्ट्रेट को मतदान हेतु सभी सामाग्रियां प्राप्त हो गई है। इसकी सूचना दें। यदि कोई कमी हो तो उसे भी सेक्टर मजिस्ट्रेट को बताएं। मतदान हेतु सभी सामाग्री प्राप्त होने के पश्चात अपने निर्धारित वाहन में प्रस्थान करें। मतदान की प्रक्रिया समाप्त होने के पश्चात नगर निगम एवं नगर पंचायत गोशाईगंज की मतदान पार्टियां, ईवीएम एवं मतपेटिका राजकीय इंटर कालेज में निर्धारित स्थल पर जमा करायेंगे। नगर पंचायत खिरौनी सुचित्तागंज एवं नगर पंचायत भरतकुण्ड भदरसा की पोलिंग पार्टी मतपेटिका आरडी इंटर कालेज सुचित्तागंज सोहावल में, नगर पालिका परिषद रुदौली व नगर पंचायत मां कामाख्या की पोलिंग पार्टी अपनी मतपेटिका हिन्दू इंटर कालेज रुदौली व नगर पंचायत कुमारगंज के पोलिंग पार्टी मतपेटिकाओं को राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय मुगीशपुर तहसील मिल्कीपुर तथा नगर पंचायत बीकापुर की पोलिंग पार्टी अपनी मतपेटिकाओं को तहसील परिसर बीकापुर में जमा करायेंगे।

### निकाय चुनाव में समाजवादी पार्टी की होगी ऐतिहासिक जीत–भोजपुरी अभिनेत्री

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) निकाय चुनाव में समाजवादी पार्टी की होगी ऐतिहासिक जीत। काजल निषाद नगर निकाय चुनाव में समाजवादी पार्टी की होगी ऐतिहासिक जीत उक्त उदगार सपा नेता एवं चर्चित भोजपुरी अभिनेत्री काजल निषाद ने आज भदरसा नगर पंचायत से समाजवादी पार्टी पार्टी के प्रत्याशी मोहम्मद राशिद के समर्थन में आयोजित चुनावी जनसभा में सम्बोधित करते हुए व्यक्त की। आज चुनाव प्रचार के आखध्री दिन सपा ने अपनी ताकत का एहसास कराते हुए भरतकुंड से लेकर के भदरसा बाजार होते हुए कैल तक भारी भीड़ के साथ काजल निषाद के साथ रोड शो किया उसके उपरांत कैद केशव पुर स्थित रजवंत मंदिर पर आयोजित सभा को सम्बोधित करते हुए काजल निषाद ने कहा कि निषाद समाज की बेटी स्व०फूलन देवी को जेल की सलाखधें से निकाल कर लोकसभा में भेज कर जो सम्मान दिया है उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। बीकापुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी हाजी फिरोज खान उर्फ गब्बर ने सम्बोधित करते हुए कहा कि बीकापुर विधानसभा अन्तर्गत आने वाली तीनों नगर पंचायतों में समाजवादी पार्टी की जीत होगी। सपा जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव ने कहा कि जिस तरह सपा प्रत्याशी को सभी वर्गों का साथ मिल रहा है इससे स्पष्ट है कि जनता को सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव एवं समाजवादी पार्टी पर ही विश्वास है। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजू वर्मा व संचालन जय सिंह यादव ने किया। इस मौके पर स्नेह लता निषाद, अनिल यादव, प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव प्रदीप यादव, सूरज निषाद,राम नारायण चौहान,राज कुमार निषाद, डा.राम प्रताप,खामा यादव, शिवम निषाद, इन्द्रजीत प्रजापति, सत्यनारायण यादव, शरद कुमार,सिद्धू, अरविंद कोरी, राम रुप कोरी पूजा रावत राकेश मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

## पैनेशिया हॉस्पिटल द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)36 वी वाहिनी पीएसी वाराणसी मीडिया सेल के मुताबिक जनपद वाराणसी के दुर्गाकुंड स्थित पैनेशिया मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल द्वारा 34वीं वाहिनी पीएसी भुल्लनपुर वाराणसी में पीएसी के कर्मचारियों एवं उनके परिवार के सदस्यों के



कल्याण हेतु निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। पैनिसिया मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल द्वारा आयोजित स्वास्थ्य शिविर में बड़ी संख्या में पीएसी के कर्मचारियों व उनके परिवारीजनों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया । इस स्वास्थ्य शिविर में पैनेशिया हॉस्पिटल द्वारा निःशुल्क अल्ट्रासाउंड की सुविधा भी प्रदान की। इस निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का मुख्य उद्देश्य उत्तर प्रदेश एवं बिहार में मधुमेह एवं हृदय रोगों का रोकथाम करना है। भुल्लनपुर पीएसी में पैनेशिया हॉस्पिटल द्वारा 'ब्लड शुगर जांच', 'वाइटल जांच', हृदय रोग व फेफड़ो से जुड़े जांच, 'आंख की जांच' तथा 'ईसीजी की जांच' निशुल्क कराई गई। वाहिनी मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर अंबुज गुप्ता के निर्देशन में इस जांच शिविर का आयोजन किया गया । उक्त स्वास्थ्य शिविर में मुख्य चिकित्सक डॉ आशीष गुप्ता, डॉक्टर अभिषेक मिश्रा, डॉक्टर पल्लवी मिश्रा व अन्य चिकित्सक उपस्थित रहे।इस मौके पर सेनानायक 34वीं वाहिनी पीएसी भुल्लनपुर वाराणसी डॉ राजीव नारायण मिश्र आईपीएस' द्वारा पैनेशिया हॉस्पिटल से आये मुख्य चिकित्सक एवं उनके संपूर्ण टीम का धन्यवाद एवं आभार प्रकट किया गया।

## वारियर आफ दि माइंड' सम्मान से अलंकृत हुए डा. आलोक मनदर्शन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिला चिकित्सालय के मनोपरामर्शदाता डा आलोक मनदर्शन को देश की सबसे पहली सिग्नल रेजिमेंट फोर इनफैंट्री डिवीजन सिग्नल रेजिमेंट द्वारा 'वारियर आफ दि माइंड' सम्मान से नवाजा गया है। डा मनदर्शन द्वारा रेजिमेंट के सैनिकों व अधिकारिओ के सतत स्ट्रेस मैनेजमेंट स्केलिंग व ट्रेनिंग सत्र मे सराहनीय योगदान के लिये यह सम्मान प्रदान किया गया है।रेजिमेंट के हेडक्वार्टर प्रयागराज से जारी सम्मान ट्रॉफी को स्थानीय कमांडिंग ऑफिसर मेजर विकी भाटी द्वारा समारोह पूर्वक प्रदान किया गया ।मिलिट्री सिविलियन साझा सहयोग से होने वाले इस मनोसत्र कार्यशाला श्रृंखला की सफलता व सम्मान के लिये डा मनदर्शन ने जिला चिकित्सालय के प्रमुख अधीक्षक डा सी बी एन त्रिपाठी व रेजीमेंट के अधिकारिओं का आभार व्यक्त किया।

## विश्व की तरफ भारत के बढ़ते कदम– विजय बंसल

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की जन्मस्थली अयोध्या में रामलला के दर्शन को पधारे दिल्ली निवासी भाजपा नेता विजय बंसल ने पत्रकारों से कहा कि भारत विश्व गुरु बनने की राह पर आगे बढ़ रहा है। भारत सुपर पावर नहीं बल्कि विश्व गुरु बनेगा। जो शांति के मार्ग पर चलकर पूरी दुनिया पर नेतृत्व करेगा।आभा होटल स्थिति फैजाबाद में प्रेस वार्ता के दौरान भाजपा नेता विषय विजय बंसल ने मोदी को 17 साल 6 महीने 6 दिन तक मोदी सरकार रहने की भविष्यवाणी की है।उनका कहना है कि जिस दिन जिस प्रकार प्रधानमंत्री अपने मन की बात कहते हैं,उसी प्रकार 1985 से मैं अपनी अंतरात्मा की आवाज लिखता आ रहा हूं।ऐसा मेरा विश्वास है कि नरेंद्र मोदी 17 साल 6 माह 6 दिन तक प्रधानमंत्री के रूप में कार्य करते रहेंगे।2024 में लोकसभा चुनाव पर विजय बंसल ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव पर विजय बंसल ने कहा कि मेरा अंतर्मन कहता है कि आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा पूर्ण बहुमत के साथ अपनी सरकार बनाएगी। इसी बार के चुनाव में भाजपा के पास कम से कम 352 सीट होने का संभावना है।आगे विजय बंसल ने बताया कि पूर्व में मेरे द्वारा की गई भविष्यवाणी सटीक साबित हुई है।उन्होंने आगे कहा कि मेरा विश्वास है कि 2032 तक या उससे पहले पाक अधिकृत कश्मीर भी भारत में बिना किसी युद्ध के वापस आएगा। अगस्त 2022 का कार्यकाल भारतवर्ष के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा।

सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक

श्रीमती हेमा त्रिपाठी

मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI सन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1

deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।